राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 145 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# नई संसद का 'दिव्य संसार'

**नया संसद भवन समय की मांग थी: पीएम मोदी, इसके कण-कण में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना के दर्शन, नई संसद में पीएम मोदी ने सेंगोल को साष्टांग-प्रणाम किया: गांधी-सावरकर को श्रद्धांजलि दी, कहा- श्रमिकों ने पसीना बहाया, सांसद समर्पण से भवन को दिव्य बनाएं**



पीएम नरेंद्र मोदी संतों संग नए संसद भवन में प्रवेश करेत हुए।

## राजद ने नए संसद भवन की तुलना ताबूत से की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नई संसद का उद्घाटन हो चुका है। पीएम मोदी ने रविवार सुबह हवन-पूजन के साथ नई संसद देश को समर्पित की। नई संसद को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने एक ट्वीट के जरिए अपना विरोध जताया है। राजद ने नई संसद की तुलना ताबूत से की है। पार्टी ने ट्वीट में पूछा- ये क्या है? इसके जवाब में बिहार भाजपा ने ट्वीट किया- पहला चित्र आपका भविष्य है और दूसरा भारत का। भाजपा नेता सुशील मोदी ने भी राजद के ट्वीट को लेकर कहा कि आज भले ही सभी दलों के लोगों ने भवन बहिष्कार किया हो, लेकिन कल सदन की कार्यवाही तो वहीं चलने वाली है। क्या राष्ट्रीय जनता दल ने यह तय कर लिया है कि वे नए संसद भवन का स्थायी रूप से बहिष्कार करेंगे? क्या वे लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे?

## सुरंग बनाते समय डिजिटल तंत्र का उपयोग करेगी डीएमआरसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) फेज- 4 के जनकपुरी पश्चिम -आरके आश्रम मार्ग कॉरिडोर में डेरावल नगर और पुलबंगश के बीच सुरंग बनाने के काम के दौरान इमारतों की स्थिति की मॉनिटरिंग के लिए एक अत्याधुनिक रियल-टाइम वेब-आधारित मॉनिटरिंग मेकेनिज्म शुरू करने के लिए तैयार है। डीएमआरसी के प्रवक्ता अनुज दयाल ने रविवार को बताया कि डेरावल नगर और पुलबंगश के बीच के खंड में तीन भूमिगत मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे - डेरावल नगर, घंटा घर और पुलबंगश। ये इलाके बेहद भीड़भाड़ वाले हैं और यहां अनगिनत इमारतें हैं जो सदियों पुराने हैं और इनमें से कुछ बहुत अच्छी स्थिति में नहीं हैं। इसलिए अगले महीने यहां सुरंग खोदने का काम शुरू होने के बाद डीएमआरसी को इन इमारतों की स्थिति पर लगातार नजर रखनी होगी।

## केजरीवाल अस्पताल में सत्येंद्र जैन से मिले



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अस्पताल में भर्ती आप नेता सत्येंद्र जैन से मुलाकात की। यहां केजरीवाल ने सत्येंद्र जैन को गले लगाया। उन्होंने जैन से मुलाकात की तस्वीरें अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की हैं। दिल्ली सीएम ने तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा- बहादुर से आदमी मिला... हीरो। आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन का दिल्ली के लोक नायक अस्पताल में इलाज चल रहा है। 25 मई की सुबह आप नेता सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल के वॉशरूम में फिसलकर गिर पड़े थे। उन्हें दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोपहर करीब 12 बजे उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में शिफ्ट कर ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। इससे पहले 22 मई को उन्हें दिल्ली के ही सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया था। तब उन्हें रीढ़ में परेशानी आई थी। 20 मई को भी वो इसी परेशानी के चलते दीन दयाल अस्पताल लाए गए थे। सिर में चोट लगने की वजह से खून का थक्का जम गया था।

**अद्भुत...**

- **नया भवन स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का आधार बनेगा। नया भवन आत्मनिर्भर भारत के नए सूर्य का साक्षी बनेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में नए संसद भवन का इनॉगरेशन किया। समारोह के दूसरे सेशन में पीएम की स्पीच हुई। जहां पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी भारतीयों को लोकतंत्र के इस स्वर्णिम क्षण की बहुत बधाई देता हूं। ये सिर्फ एक भवन नहीं, 140 करोड़ भारत वासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिम्ब है। ये विश्व को भारत के दृढ़संकल्प का संदेश देता हमारे लोकतंत्र का मंदिर है।

**नया भवन विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि होते हुए देखेगा:** नया संसद भवन योजना को यथार्थ से, नीति को निर्माण से, संकल्प को सिद्धि से जोड़ने वाली अहम कड़ी साबित होगा। नया भवन स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का आधार बनेगा। नया भवन आत्मनिर्भर भारत के नए सूर्य का साक्षी बनेगा। नया भवन नूतन और पुरातन के सह अस्तित्व का भी आदर्श है।

**विश्व भारत को आदर और उम्मीद के भाव से देख रहा है :** नए रास्तों पर चलकर ही नए प्रतिमान गढ़े जाते हैं। आज नया भारत नए लक्ष्य तय कर रहा है। नए रास्ते गढ़ रहा है, नया जोश और नई उमंग है, नया सफर है और नई सोच है। दिशा नई है, दृष्टि नई है, संकल्प नया है और विश्वास नया है। आज फिर एक बार पूरा विश्व भारत, उसके संकल्प की दृढ़ता और भारतीय जनशक्ति की जिजीविषा को आदर और उम्मीद के भाव से देख रहा है।

**सेंगोल कर्तव्य-सेवा और राष्ट्र पथ का प्रतीक, हमनें इसकी गरिमा लौटाई :** जब भारत आगे बढ़ता है तो विश्व आगे बढ़ता है। संसद का ये नया भवन भारत के विकास से विश्व के विकास का आह्वान करेगा। संसद में पवित्र सेंगोल भी स्थापित हुआ, जो महान चोल साम्राज्य में कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्र पथ का प्रतीक माना जाता था। राजाजी और अधीनम के संतों के मार्ग दर्शन में सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीक बना था। तमिलनाडु अधीनम के संत संसद में आशीर्वाद देने आए थे, उन्हें दोबारा श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। पिछले दिनों मीडिया में इसके इतिहास से जुड़ी बहुत सारी जानकारी उजागर हुई है। मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता।

**भारत लोकतांत्रिक राष्ट्र ही नहीं, मदर ऑफ डेमोक्रेसी भी:** भारत लोकतांत्रिक राष्ट्र ही नहीं, मदर ऑफ डेमोक्रेसी भी है। वैश्विक लोकतंत्र का बड़ा आधार है। लोकतंत्र हमारे लिए व्यवस्था ही नहीं, संस्कार, विचार और परंपरा है। हमारे वेद हमें सभाओं और समितियों के लोकतांत्रिक आदर्श सिखाते हैं। महाभारत में गणों और गणतंत्रों का उल्लेख मिलता है। हमने वैशाली के गणतंत्र को जीकर दिखाया है। तमिलनाडु में मिला 900 ईस्वी का शिलालेख सभी को हैरान कर देता है।





### 'अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है'

**पीएम** ने कहा कि 15 अगस्त को लाल किले से मैंने कहा था कि यही समय है- सही समय है। हर देश के इतिहास में ऐसा समय आता है, जब देश की चेतना नए सिरे से जागृत होती है। भारत में आजादी के 25 साल पहले ऐसा ही समय आया था। गांधीजी के असहयोग आंदोलन ने पूरे देश को विश्वास से भर दिया था। उन्होंने स्वराज के संकल्प से हर भारतवासी को जोड़ दिया था। ये वो दौर था, जब हर भारतीय आजादी के लिए जी-जान से जुट गया था। इसका नतीजा हमने 1947 में भारत की आजादी के तौर पर देखा था। आजादी का अमृतकाल भी इतिहास का ऐसा ही पड़ाव है। हमारे पास भी 25 वर्ष का अमृतकाल खंड है। इन 25 वर्षों में हमें मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।

### 'अमृत काल विकास के नए आयाम गढ़ने का काल'

**पीएम** ने कहा संसद जिसका प्रतिनिधित्व करती है, उसका उद्घोष करती है। जो रुक जाता है, उसका भाग्य भी रुक जाता है। जो चलता रहता है, उसका भाग्य आगे बढ़ता है और बुलंदियों को छूता है। इसलिए चलते रहो-चलते रहो। गुलामी के बाद हमारे भारत ने बहुत कुछ खोकर अपनी नई यात्रा शुरू की थी। वो यात्रा कितने ही उतार-चढ़ावों से होते हुए, कितनी चुनौतियों को पार करते हुए आजादी के अमृतकाल में प्रवेश कर चुकी है। यह अमृत काल देश को नई दिशा देने का काल है। अनंत सपनों और आकांक्षाओं का अमृतकाल है।

**नए भवन में विरासत-वास्तु, कला-कौशल, संस्कृति और संविधान के स्वर:** भारत समृद्ध राष्ट्रों में गिना जाता था। भारत का वास्तु, विशेषज्ञता का उद्घोष किया जाता था। चोल के भव्य मंदिरों से लेकर जलाशयों और बांधों तक भारत का कौशल विश्व से आने वाले यात्रियों को हैरान कर देता था। लेकिन सैकड़ों साल की गुलामी ने हमसे हमारा ये गौरव छीन लिया। एक ऐसा भी समय आ



गया, जब हम दूसरे देशों में हुए निर्माण को देखकर मुग्ध होने लग गए। 21वीं सदी का नया भारत बुलंद हौसले से भरा हुआ भारत। अब गुलामी की उस सोच को पीछे छोड़ रहा है। आज भारत प्राचीन कला की उस गौरवशाली धारा को मोड़ रहा है। संसद की नई इमारत इस प्रयास का जीवंत प्रतीक बनी। इस भवन में विरासत भी है और वास्तु भी है। कला भी है और कौशल भी है। संस्कृति भी है और संविधान के स्वर भी हैं।

### 'चोल साम्राज्य में सेंगोल को कर्तव्य पथ प्रतीक माना जाता था'

**सेंगोल** को लेकर छिड़े बयानों के बीच प्रधानमंत्री ने इसका महत्व बताया। मोदी ने कहा कि महान चोल साम्राज्य में सेंगोल को कर्तव्य पथ का, सेवा पथ का, राष्ट्र पथ का प्रतीक माना जाता था। ये सौभाग्य है कि पवित्र सेंगोल को हम उसकी गरिमा लौटा सके हैं। उसकी मान-मयार्दा लौटा सके हैं। जब भी कार्यवाही शुरू होगी, ये सेंगोल सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

**विपक्ष के विरोध पर:** पीएम ने कहा कि नए संसद भवन का कांग्रेस सहित 20 पार्टियों ने बायकॉट किया है। प्रधानमंत्री ने इसकी चर्चा तो नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि नया संसद भवन समय की मांग थी। मुझे खुशी है कि भव्य इमारत आधुनिक सुविधाओं से लैस है। पीएम ने इस दौरान एक कविता भी सुनाई- मुक्त



मातृभूमि को नवीन पान चाहिए। नवीन पर्व के लिए नवीन प्राण चाहिए। मुक्त गीत हो रहा, नवीन राग चाहिए...।

**सांसदों को नसीहत भी दी:** पीएम ने कहा कि जब संसद के इस नए भवन में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तो देशवासियों को नई प्रेरणा मिलेगी। अब हम सभी सांसदों का दायित्व है कि इसे अपने समर्पण से और ज्यादा दिव्य बनाएंगे। हम सभी 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प ही इस नई संसद की प्राण प्रतिष्ठा है। यहां होने वाला हर निर्णय आने वाली पीढ़ियों को सशक्त करने वाला होगा।

### 'नेशन फर्स्ट की भावना से आगे बढ़ना होगा'

**पीएम** ने अपने संबोधन में कहा कि कर्तव्य पथ को सर्वोपरि रखना होगा। हमें अपने व्यवहार से उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। निरंतर खुद में सुधार करते रहना होगा। हमें अपने नए रास्ते खुद बनाने होंगे। खुद को खपाना होगा, तपाना होगा। लोक कल्याण को ही अपना जीवन मंत्र बनाना होगा।

**दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को नई संसद नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगी:** जब संसद के इस नए भवन में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तो देशवासियों को नई प्रेरणा मिलेगी। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को नई संसद नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगी। हमारे श्रमिकों ने अपने पसीने से इस संसद भवन को इतना भव्य बना दिया है। अब हम सभी सांसदों का दायित्व है कि इसे अपने समर्पण से और ज्यादा दिव्य बनाएंगे।

### 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना के दर्शन'

**लोकसभा** का आंतरिक हिस्सा राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पुष्प राज्यसभा का कमल और संसद के प्रांगण में राष्ट्रीय वृक्ष बरगद भी है। पत्थर राजस्थान, लकड़ी महाराष्ट्र, यूपी में भदोही के कारीगरों ने कालीन बुने। इसके कण-कण में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना के दर्शन हो रहे हैं। संसद के पुराने भवन में सभी के लिए अपने कार्यों को पूरा करना कितना मुश्किल हो रहा था ये हम सभी जानते हैं। टेक्नोलॉजी से जुड़ी समस्याएं थीं, बैठने की जगह की चुनौती थी। बीते डेढ़-दो दशकों से नए संसद भवन की आवश्यकता पर चर्चा हो रही थी। यह भी देखना होगा कि आने वाले समय में सांसद बढ़ेंगे, वो लोग कहां बैठेंगे। ये समय की मांग थी कि संसद की नई इमारत का निर्माण किया जाए। मुझे खुशी है कि भव्य इमारत

## वीर सावरकर त्याग-साहस और संकल्प के प्रतीकः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 101वें एपिसोड में युवासंगम, देश के म्यूजियम, जल संरक्षण और सावरकर की जयंति पर आधे घंटे बात की। पीएम ने कहा- युवासंगम में युवा दूसरे राज्यों के शहरों और गांवों में जाते हैं, उन्हें अलग-अलग तरह के लोगों के साथ मिलने का मौका मिलता है। देश के म्यूजियम आने वाली पीढ़ियों की बहुत मदद करता है। देश में स्वाधीनता संग्राम में आदिवासी भाई-बहनों के योगदान को समर्पित 10 नए म्यूजियम बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने सावरकर की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा- वीर सावरकर का का निडर, स्वाभिमानी स्वभाव कभी गुलामी की मानसिकता को बर्दाश्त नहीं कर सका।

**युवा संगम के जरिए एक-दूसरे की भाषा-संस्कृति को समझ रहें युवा:** प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत युवा संगम की चर्चा से की। पीएम ने कहा- बीते दिनों 100वें एपिसोड में हमने मन की बात में काशी



**मन की बात**

- **वीर सावरकर का का निडर, स्वाभिमानी स्वभाव कभी गुलामी की मानसिकता को बर्दाश्त नहीं कर सका: मोदी**

तमिल संगमम की बात की, सौराष्ट्र तमिल संगमम की बात की। कुछ समय पहले ही वाराणसी में काशी तेलुगु संगमम भी हुआ। देश में ऐसा ही एक अनूठा प्रयास युवा संगम है। पीएम ने कहा- हमारे देश में देखने के लिए बहुत कुछ है। इसी को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने युवा संगम नाम से एक बेहतरीन पहल की है। युवा संगम में युवा दूसरे राज्यों के शहरों और गांवों में जाते हैं, उन्हें अलग-अलग तरह के लोगों के साथ मिलने का मौका मिलता है।

## पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दरअसल, पहलवान पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर नए संसद भवन की तरफ मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। जिस पर पुलिस ने उन्हें रॉयल प्लाजा गोल चक्कर से पहले ही हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार पहलवान साक्षी मलिक, संगीता फोगाट और बजरंग पूनिया को हिरासत में लिया



गया है। उनके साथ कई और पहलवान भी हैं। वहीं, हिरासत में लिए गए पहलवानों को अलग-अलग पुलिस स्टेशन में ले जाया गया है। उनके साथ काफी संख्या में समर्थक भी हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस ने पहलवान जिस जगह पर प्रदर्शन कर रहे थे, उस जगह को अब खाली करा रही है। जंतर मंतर से बड़े-बड़े कूलर, खाने-पीने के सामान, टेंट का सामान, गद्दे-फोल्डिंग, पलंग सभी को पुलिस की तरफ से हटाया गया है। पहलवानों के टेंट तंबू को पुलिस ने पूरी तरह से हटा दिया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार को पहलवानों द्वारा जारी किये गए वीडियो के बाद से काफी संख्या में दिल्ली पुलिस के जवान अर्धसैनिक बलों के जवान महिला पुलिसकर्मी की जंतर-मंतर में तैनाती कर दी गई थी।

## मणिपुर में तैनात आरएएफ के तीन जवान गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** में तैनात सेंट्रल रैपिड एक्शन फोर्स के तीन जवानों को राज्य पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जवानों पर इंफाल के न्यू चेकॉन इलाके में एक मीट की दुकान में आग लगाने का प्रयास करने का आरोप है। गृह मंत्रालय ने बताया कि सोमदेव आर्य, कुलदीप सिंह और प्रदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले को लेकर जांच की जा रही है। पुलिस ने मुताबिक, तीनों शुक्रवार रात को सादे कपड़े पहनकर एक कार में बैठकर इलाके में आए थे।

उन्होंने एक नागा आदिवासी बिजनेसमैन की मीट की दुकान में आग लगाने की कोशिश की थी। स्थानीय लोगों के विरोध करने पर वे वहां से भाग गए थे। घटना को लेकर हुए हंगामे का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास है।

## हरियाणा और पंजाब में हिली धरती

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** और पंजाब में रविवार सुबह भूकंप आया। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में रहा। इसकी तीव्रता 5.9 रही। चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार सिटी के साथ ही पंजाब और हरियाणा राज्यों से भूकंप को लेकर कोई भी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, लेकिन दोनों राज्य भूकंप के लिहाज से संवेदनशील जरूर हैं।

**नुकसान की सूचना नहीं:** विभाग के मुताबिक भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते किसी भी राज्य में कोई जान माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है।

## दिल्ली शराब नीतिः सिसोदिया ने 2 फोन नष्ट किएः सीबीआई

### सप्लीमेंट्री चार्जशीट को लेकर कोर्ट ने भेजा नोटिस, 4 आरोपियों की 2 जून को पेशी होगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** शराब नीति केस में सीबीआई ने अपनी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में यह दावा किया है कि मनीष सिसोदिया ने 2 फोन नष्ट किए हैं। 25 अप्रैल को सीबीआई ने यह चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में फाइल की थी। कोर्ट ने इस चार्जशीट पर संज्ञान लिया। कोर्ट ने जेल अथॉरिटी के नाम मनीष सिसोदिया को कोर्ट में पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी

**दावा**

- **जांच में सामने आया था कि 1 जनवरी 2020 से 19 अगस्त 2022 तक सिसोदिया ने तीन मोबाइल का इस्तेमाल किया था**

किया। सिसोदिया के अलावा सीएम बुच्ची बाबू गोरंटला, शराब कारोबारी अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को समन भेजा गया है। इन सभी आरोपियों को 2 जून



को कोर्ट में पेश होने को कहा गया है।

**सीबीआई का दावा- सिसोदिया ने दो फोन नष्ट करने की बात मानी:** सीबीआई ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट में यह भी दावा किया है कि सिसोदिया ने अपने दो फोन नष्ट करने की बात मानी भी है। जांच में सामने आया था कि 1 जनवरी 2020 से 19 अगस्त 2022 तक सिसोदिया ने तीन मोबाइल हैंडसेट का इस्तेमाल किया था। दो हैंडसेट जो 22 जुलाई 2022 से पहले इस्तेमाल किए गए थे, उन्हें नष्ट कर दिया गया है। सिसोदिया ने धारा 91 के तहत भेजे गए नोटिस के अपने जवाब में इसकी पुष्टि की है। सप्लीमेंट्री चार्जशीट में दावा किया गया है कि सिसोदिया इस घोटाले की जड़ मानी जाने वाली की विवाद वाली रिपोर्ट तैयार करने के मुख्य आर्किटेक्ट हैं। उन्होंने ऐसा डिस्ट्रीब्यूटर से फायदा लेने के लिए किया था। शराब नीति में प्राइवेट होलसेलर को 5 से 12 प्रतिशत का प्रॉफिट मार्जिन दिया गया था।

# विज का जनता दरबार नहीं, फिर भी लगा रहा फरियादियों का तांता

## पुराने मामलों में कार्रवाई नहीं होने पर विज नाराज, संबंधित जिलों के एसपी को फोन कर लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निवास पर प्रदेशभर से प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंच रहे हैं। जनता दरबार बंद होने के बावजूद भी यहां फरियादियों की कतारें लग रही है। प्रदेश के कोने-कोने से सैकड़ों फरियादी अपनी फरियादें लेकर गृह मंत्री अनिल विज के निवास पर पहुंचे। अपने आवास पर उन्होंने जनता की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों में जांच काफी समय से लंबित होने पर उन्होंने संबंधित जिलों के एसपी को फटकार लगाते हुए मामलों में तुरंत एक्शन लेने साथ ही इसकी रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ह्लकई साल से केस की जांच पूरी नहीं हुई ऐसा कैसे चलेगाह्व। गृह मंत्री ने मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।





**भरी पंचायत में व्यक्ति को गोली मारी, पत्नी ने दी शिकायत :** सोनीपत से आई महिला ने बताया कि उसके पति को गत दिनों भरी पंचायत में आरोपियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। उसका आरोप था कि इस मामले में आरोपी अभी तक पकड़े नहीं गए हैं। गृह मंत्री अनिल विज ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को मामले में कार्रवाई एवं शेष आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

**महिला से मारपीट व छेड़छाड़ मामले में एसआईटी गठित :** गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष इंद्री से आई महिला ने पुलिस स्टाफ पर उससे मारपीट एवं छेड़छाड़ के आरोप लगाए। उसने बताया कि मामले की शिकायत उसने पहले स्थानीय पुलिस से की थी, मगर इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। गृह मंत्री ने मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

**आईजी रोहतक से बोले मंत्री विज ह्लजब पूरे साक्ष्य है तो आरोपी अब तक गिरफ्त में क्यों नहीं :** गृह मंत्री अनिल विज से सोनीपत से आए परिवार ने हत्या के मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। परिवार ने कहा कि हत्या मामले में सारे सबूत है और पुलिस को यह सबूत भी उपलब्ध कराए गए हैं, मगर पुलिस ने अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। इसपर गृह मंत्री अनिल विज ने रोहतक आईजी को फोन लगाते हुए कहा कि ह्लजब सारे सबूत पुलिस के पास है तो अब तक आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गयाह्व। उन्होंने आईजी रोहतक को तुरंत आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

**फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर से बोले गृह मंत्री विज ह्लमहिला के 164 के बयान हुए तो मामले में अब तक कार्रवाई क्यों नहीं:** फरीदाबाद से आई महिला ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए आरोप लगाए कि उसके साथ व्यक्ति ने शारीरिक शोषण किया और उसकी बच्ची के साथ भी गलत हरकतें की। इस मामले में केस दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। गृह मंत्री अनिल विज ने मामले में फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को फोन लगाते हुए सवाल किए कि ह्लजब इस केस में 164 के बयान हो चुके हैं तो पुलिस द्वारा अब तक एक्शन क्यों नहीं लिया गयाह्व। उन्होंने इस मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह पलवल से आई महिला ने उसके साथ शारीरिक शोषण मामले की जांच में कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगाए जिसपर मंत्री विज ने पलवल एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**जींद एसपी को फोन लगाकर गृह मंत्री विज बोले ह्लपांच साल पुराने मामले में कार्रवाई क्यों नहीं, आप कार्रवाई करोगे या फिर मैं करूंह्व:** जींद के पिल्लूखेड़ा से आए व्यक्ति ने उसके साथ पांच लाख रुपए ठगी के मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। उसका आरोप था कि मामला पांच वर्ष पुराना है और पुलिस ने न तो आरोपी अब तक पकड़ा न ही उसके पैसे की रिकवरी हुई है। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी जींद को फोन पर फटकार लगाई और कहा कि ह्लपांच साल पुराना केस अब तक हल क्यों नहीं हुआ, इस मामले में अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई, आप इस मामले में कार्रवाई करो नहीं तो मैं लापरवाह स्टाफ पर एक्शन लूंगाह्व। उन्होंने एसपी को मामले की रिपोर्ट भी देने के निर्देश दिए।

**विदेश भेजने के नाम पर ठगी, मंत्री विज ने एसआईटी को जांच सौंपी :** गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष कबूतरबाजी के कई मामले सामने आए जिनपर उन्होंने इस मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए। यमुनानगर से आई युवती ने शिकायत दी कि उच्च शिक्षा के नाम पर उससे केनेडा भेजने के लिए एजेंट ने उससे 5 लाख की ठगी की। इसी तरह पानीपत से आए व्यक्ति ने विदेश भेजने के नाम पर 12 लाख ठगी के आरोप लगाए। दोनों मामलों की जांच मंत्री अनिल विज ने एसआईटी को सौंपी है।

**यह अन्य मामले सामने आए जनता की सुनवाई के दौरान:** इसके अलावा गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष कुरुक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने आत्महत्या मामले में कार्रवाई नहीं होने, पानीपत निवासी व्यक्ति ने इंश्योरेंस के नाम पर उससे 2.86 लाख रुपए की ठगी करने, भिवानी निवासी व्यक्ति ने घर में चोरी होने के मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। इसके अलावा रोहतक से आए व्यक्ति ने बेटे की हत्या मामले में कार्रवाई नहीं होने एवं अन्य कई शिकायत आई जिसपर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित जिलों के पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# आप में नई जिम्मेवारी मिलने पर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

## विशाल खुब्बड, सुमित हिंदुस्तानी, जगबीर सिंह ने शीर्ष नेतृत्व को दिल्ली पहूंच कर आश्वस्त किया कि जिला कुरुक्षेत्र में आम आदमी पार्टी को ले जाएंगे शीर्ष पर

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )** आम आदमी पार्टी क्षेत्रीय पार्टी ने रहकर के राष्ट्रीय पार्टी बन गई है जिसके राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं से विचार-विमर्श करके सभी वर्ग के लोगों को संगठन में स्थान देकर आने वाले विधानसभा लोकसभा चुनाव के लिए बेहतरीन टीम का गठन किया है जो अन्य राजनीतिक दलों को टक्कर देने में सक्षम होगा। सनद रहे कि जिला कुरुक्षेत्र का अध्यक्ष ऐसे तेज तरार कर्मठ पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ता जगबीर सिंह जोगनाखेड़ा को बनाया है जो यह साबित करके दिखा देगा कि आम आदमी पार्टी अन्य राजनीतिक दलों से ताकत में किसी प्रकार से भी कम नहीं है । जगबीर जोगनाखेड़ा लंबे समय से आम आदमी पार्टी के चुनाव कैंपेन कमेटी के चेयरमैन डॉक्टर अशोक तंवर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे है इसलिए इनका बहुत लंबा अनुभव है और उसका फायदा जिला कुरुक्षेत्र को अवश्य मिलेगा। विधानसभा थानेसर से पूर्व प्रत्याशी रहे सुमित हिंदुस्तानी पहले आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रह चुके हैं इसलिए पार्टी ने उनकी निष्ठा और मेहनत को देखते हुए उन्हें जिला कुरुक्षेत्र लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। सुमित हिंदुस्तानी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं जो पार्टी के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने के लिए हर समय तैयार रहते हैं। विशाल खुब्बड आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुके हैं, इनका भी खासा लंबा अनुभव है और यह सरल स्वभाव के धनी हैं। पार्टी के समर्पण को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने इन्हें प्रदेश संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है ।विशाल कूबड़ सबको साथ लेकर चलने वाले पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता है। इन तीनों नेताओं ने दिल्ली मैं पहुंचकर शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा, प्रदेश चुनाव कंप्लेंट कमेटी के चेयरमैन डॉक्टर अशोक तंवर का पार्टी में नई जिम्मेदारी देने पर आभार व्यक्त किया है और आश्वस्त किया है कि यह तीनों सन 2024 में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए पूरी मेहनत और लगन से कार्य करेंगे तथा चैन से नहीं बैठेंगे और न ही कार्यकर्ताओं को चैन से बैठने देंगें।



# जनहित में सरकार ने शुरू किया ऑटो अपील सिस्टम : अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि खुशहाल हरियाणा-समृद्ध हरियाणा थीम के साथ वर्तमान सरकार द्वारा निरंतर सुशासन की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा नागरिकों की सुविधा व उनके अधिकारों को ध्यान में रखते हुए ऑटो अपील सिस्टम सॉफ्टवेयर (आस) शुरू किया है। उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा शुरू किए गए आस पोर्टल से अगर किसी व्यक्ति का कार्य राइट टू सर्विस एक्ट के तहत निर्धारित समय सीमा में नहीं होने पर ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के तहत आवेदन अपीलेट अथॉरिटी में चला जाएगा। अपीलेट अथॉरिटी के दायरे में भी काम नहीं होने पर आवेदन आगे वरिष्ठ अधिकारी के पास चला जाएगा। अगर इन दोनों स्तरों पर भी कार्य का निपटान नहीं होगा तो आवेदन स्वतं ही राइट टू सर्विस कमीशन के पास आ जाएगा। यह कदम सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक कार्यशैली को जवाबदेह, पारदर्शी, निष्पक्ष और प्रभावी बनाने के मद्देनजर उठाया है। उपायुक्त ने बताया कि आमजन से सीधे जुड़े विभिन्न सरकारी विभागों की सैकड़ों सेवाएं सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में नोटिफाई की हुई हैं।

इनमें से 277 सेवाएं ऑनलाइन सरल पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। आस आमजन के अधिकारों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार का एक अहम कदम है।

# जीव का परम कल्याण है वह श्रीकृष्ण प्रेम की प्राप्ति करे : तेजस्वी दास

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कृष्णा मंदिर सेक्टर 14 करनाल में भक्तवृन्द द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कृष्णतत्त्ववेत्ता श्री तेजस्वी दास जीबीपीएस ट्रस्ट वृन्दावन के संस्थापक अध्यक्ष ने कलियुग की विशेषता व कलियुग में नाम संकीर्तन की महिमा बताते हुए कहा कि हालाँकि कलियुग दोषों का भंडार है, किन्तु कलियुग में एक विशेषता भी है। कलियुग में हरिनाम संकीर्तन से ही स्वार्थ व परमार्थ रूपी समस्त साध्यों की प्राप्ति होती है। इसलिए गुणज्ञ एवं सारग्राही आर्यगण कलियुग की प्रशंसा किया करते हैं।



उन्होंने कहा कि जीव का परम कल्याण है वह श्रीकृष्ण प्रेम की प्राप्ति करे। श्रीकृष्ण प्रेम प्राप्त होगा श्रीकृष्ण भक्ति से। श्रीकृष्ण है परमब्रह्म। जिनसे बड़ा भी कोई नहीं, जिनसे बढकर भी कोई नहीं। कई लोग सोचते हैं कृष्ण का अर्थ काला है किंतु काला अर्थ श्रीकृष्ण के संदर्भ में नहीं लगेगा।

श्रीकृष्ण है उज्ज्वल नील मणि के समान। भगवान् श्रीकृष्ण सच्चिदानंद है अर्थात भगवान् श्रीकृष्ण शाश्वत हैं, परम आनन्द स्वरुप हैं। जिसको भी परमानंद चाहिए उसको श्रीकृष्ण की शरण ग्रहण करनी चाहिए, उनकी भक्ति करनी चाहिए।

कथा में मनोज गोयल, मुकेश सिंगला, प्रमोद नागपाल, नरेश चौहान, सुरेश गर्ग आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा का रसास्वादन लेने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे।

# गांव बड़ाचपुर में समाजसेवी संदीप गर्ग ने किया निशुल्क स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा स्वस्थ बनेगा हल्का अभियान के तहत रविवार को लाडवा के गांव बड़ाचपुर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच व आंखों के जांच कैम्प का आयोजन किया। जिसमें 205 लोगों के स्वास्थ्य व आंखो की जांच की गई व और 133 लोगों को निःशुल्क दवाईयां व चश्में भी वितरीत किये गए और 9 लोगों की आंखों का निशुल्क ऑपरेशन भी संदीप गर्ग द्वारा करवाया जाएगा। मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनका सपना है कि लाडवा हल्का स्वस्थ हल्का बने और लाडवा हल्के का कोई भी व्यक्ति बीमार या किसी प्रकार की परेशानी से ग्रस्त न होगा।



उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि लाडवा हल्के के प्रत्येक गांव में महीने में दो या तीन निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प लगवाए जाएं ताकि पूरे हल्के के गांवों के लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिल सके और यदि किसी का स्वास्थ्य खराब है तो उसका इलाज करके उसको सही करवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि रविवार को गांव बड़ाचपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कुरूक्षेत्र सिग्नस अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तो वहीं आदेश अस्पताल के नेत्र चिकित्सकों द्वारा लोगों की आंखों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि जिन मरीजों की आंखों का ऑपरेशन होना है वह उनकी ओर से निशुल्क करवाया जाएगा और जितने दिन भी अस्पताल में मरीज रहेगा उसका सारा खर्च भी उनकी ओर से दिया जाएगा। मौके पर सरपंच सतीश कुमार, पंच गुरदेव,

# सैकड़ों कर्मचारियों ने चेतावनी रैली में भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की केंद्रीय कमेटी के आहवाहन पर संघ की जिला कमेटी अम्बाला से सैंकड़ों कर्मचारियों ने जिला प्रधान सेवा राम और जिला सचिव विकास वर्मा के नेतृत्व में जींद में कर्मचारियों की चेतावनी रैली में भाग लिया। जिला प्रधान ने बताया की कर्मचारियों की मांगों को सरकार अनदेखी कर रही है सरकार ने अपने घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन बहाली, लिपिक को पंजाब के समान वेतन देने और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का वादा किया था इन वादों को पूरा ना करके सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम कंपनी खोलकर कर्मचारियों के पक्के होने का रास्ता बंद कर दिया। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली ना करने पर हिमाचल ओर कर्नाटक चुनाव में कर्मचारियों ने अपनी ताकत सरकार को दिखा दी कि जो सरकार पुरानी पेंशन ओर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की बात कहेगी वोही सत्ता में राज करेगी। जिला सचिव ने बताया कि कच्चा कर्मचारी भी पक्के कर्मचारी की तरह काम करता है सरकार को 2 साल की सेवा पूरी कर चुके सभी कच्चे कर्मचरी कर्मचारियों को पक्का करना चाहिये ओर बताया आगे केंद्रीय कमेटी जो भी घोषणा करेगी उसमे जिला अम्बाला के कर्मचारी तन मम धन से कार्य करेंगे।




# जंतर मंतर पर जाने से रोके गए किसान

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**दिल्ली** के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों को समर्थन देने के लिए रविवार को महिला पंचायत बुलाई गई थी। जिसके लिए खरखौदा ब्लॉक के किसान सोनीपत रेल द्वारा सुबह समय करीब साढ़े 6 बजे दिल्ली जंतर मंतर पर जाने वाले थे।

इससे पहले रात को ही, युवा किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ सहित कई अन्य किसानों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया।

# हरियाणा में हर वर्ग बेरोजगारी, महँगाई से ग्रस्तः रोहित जैन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के आदेशानुसार व बहन कुमारी सैलजा के निर्देशानुसार सेक्टर - 08, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अंबाला शहर में अधिवक्ता विनोद वालिया, अधिवक्ता ललित शर्मा द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया । सभा की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता रोहित जैन द्वारा की गयी। मंच संचालन का जिम्मा वरिष्ठ नेता तरुण चुघ और दविंद्र बजाज ने संभाला । विशेष अतिथि के रूप में गुरतेज अंटाल मोजूद रहे । सभा में सभी कांग्रेसजनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और केंद्र सरकार की जन विरोध नीतियों की जम कर आलोचना की । इस दोरान कांग्रेसजनों ने उपस्थित आमजनों से भी संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना और कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे अवगत कराया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता रोहित जैन ने कहा कि जो लोग कांग्रेस मुक्त भारत का सपना देखते थे आज दक्षिण भारत उनसे मुक्त हो गया है ।उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अपनी विचारधारा पर विश्वास करती है और कर्नाटक में इसी विचारधारा की जीत हुई है। रोहित जैन ने आगे कहा की सरकार की नीतियाँ मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए कोई राहत नहीं दे रही हैं ।बढ़ती महंगाई की चपेट में मध्यम वर्ग के परिवार हैं ।उन्होंने कहा कि महंगाई इतनी बढ़ गयी है हमारी बहनों को घर चलाने में परेशानी आ रही है ।कोई रोजगार नहीं है दो करोड़ रोजगार देनी की बात हुई थी लेकिन वह भी सिर्फ जुमला साबित हुआ। उन्होंने आगे कहा की बढ़ती महंगाई को काबू करने में भाजपा पूरी तरह से विफल है ।आज बच्चों की पढ़ाई का खर्च और रोजमर्रा का खर्च अत्यधिक हो चुका है ।उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा की आज वो लोग गायब हैं जो सर पर सिलेंडर लेकर घुमा करते थे। रोहित जैन ने हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार पर भी जमकर हमला बोला उन्होंने कहा किसान विरोधी सरकार ने अनाज मंडियों के लिए कुछ नहीं किया। किसानों लाइन में लगना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा की परिवार पहचान पत्र के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा की गरीबों को परेशान किया जा रहा है।






# अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर किया जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/खरखौदा (सोनीपत)** मॉस्को में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वुसु प्रतियोगिता में दीपिका दहिया गोल्ड मेडल जीतकर रविवार को अपने गाँव रोहणा पहुंची, जहां पर ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बेटी के सम्मान समारोह में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पदम दहिया ने मुख्यातिथि के रूप में शामिल होकर बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए दीपिका दहिया व उनके परिजनों को बधाइयां दी। पूर्व विधायक ने कहा कि आज हमारी ग्रामीण आंचल में रहने वाली बेटियां अपने मेहनत के बल पर हर क्षेत्र में अपने परिजनों व देश का नाम रोशन कर रही है। हमारी बेटियों खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर लोगों को दिखा रही है कि ग्रांव की मिट्टी में कितना जोश और ताकत है। उन्होंने कहा कि भगवान ऐसी बेटी हर घर में दें, जिसने अपनी मेहनत के बल पर अपने माता-पिता और प्रदेश व देश का नाम रोशन किया।




पूर्व विधायक ने दीपिका दहिया को आशीर्वाद देते हुए कहा कि निःसंदेह यह बड़ी उपलब्धि है। ग्रामीण अंचल से निकलकर इस स्थान पर पहुंचना सरल कार्य नहीं है। इसके लिए जज्बा, मेहनत और नियमित अभ्यास की आवश्यकता है। दीपिका ने उदाहरण प्रस्तुत किया है कि लक्ष्य को किस प्रकार से साधा जाता है। उन्होंने कहा कि दीपिका जैसी बेटी गांव में रहने वाली दूसरी लड़कियों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत के रूप में कार्य कर ही है, जिससे हमारी अन्य बेटियां भी प्रेरित होकर अपने देश का नाम रोशन कर सके।

इस दौरान विधायक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के कार्यकाल में सरकार ने खिलाड़ियों को मान-सम्मान बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपए नकद राशि तथा अच्छे पदों पर नौकरी देने का कार्य किया। लेकिन वर्तमान में भाजपा सरकार की नीतियों के कारण हमारे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिन्होंने विदेशी धरती पर अपनी मेहनत के बल पर देश का मान बढ़ाया आज उन सभी खिलाडियों को खेल के मैदान की बजाय जंतर-मंतर पर धरने पर बैठना पड़ रहा है।

आज उन खिलाडियों को गिरफ्तारी के अलावा इस सरकार के अत्याचारों का सामना करना पड़ रहा है।

# बजरंग, विनेश-संगीता फोगाट, साक्षी हिरासत में

## बैरिकेड्स लांघकर नई संसद की ओर जाना चाहते थे, जंतर-मंतर में पहलवानों के टेंट उखाड़े, विपक्ष ने की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**संसद की** नई बिल्डिंग के सामने पुलिस और धरना दे रहे पहलवानों के बीच झड़प हो गई। पहलवान बैरिकेड्स लांघकर नई संसद की तरफ जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका और बजरंग पूनिया, विनेश-संगीता फोगाट, साक्षी मलिक सहित अन्य को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने धरना स्थल जंतर-मंतर पर लगे टेंट और कुर्सी हटा दिए।
दरअसल, 34 दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवान रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत में शामिल होने जा रहे थे। लेकिन, दिल्ली पुलिस ने इस महापंचायत की अनुमति नहीं दी थी। पहलवानों ने इसके बावजूद महापंचायत का आयोजन किया और संसद की तरफ जाने लगे।





### साक्षी मलिक ने महिला पुलिसकर्मी को मारी लात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जंतर-मंतर पर डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बृजभूषण शरण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ पहलवानों ने आज नए संसद भवन की ओर मार्च करने का आह्वान करते हुए महिला सम्मान महापंचायत का ऐलान किया था। जिसको रोकने के लिए दिल्ली पुलिस ने खास बंदोबस्त किए थे।
**साक्षी की लात लगने चोटिल हुई महिला पुलिसकर्मी:** वहीं, पहलवानों ने अपने समर्थकों के साथ नए संसद भवन की ओर मार्च शुरू किया तभी पुलिस कर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। अब जानकारी आ रही है कि महिला पहलवान साक्षी मलिक को हिरासत में लेते वक्त हाथापाई के दौरान पहलवान ने एक महिला पुलिस कर्मी के पेट में लात मार दी, जिससे वह चोटिल हो गई और पुलिसकर्मी बेहोश हो गई। बताया जा रहा है कि लात लगने के बाद महिला पुलिसकर्मी को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**पूनिया बोले- हमें गोली मार दो:** पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा- क्या यह लोकतंत्र है, हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं और हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। हमें गोली मार दो। पूनिया ने कहा कि साक्षी मलिक को भी हिरासत में ले लिया गया है।

**सख्ती**

**● पुलिस ने जंतर-मंतर पर लगे टेंट और कुर्सी हटा दिए। पहलवान नई संसद के सामने महिला महापंचायत में शामिल होने जा रहे थे**

महापंचायत में हरियाणा, यूपी और पंजाब समेत कई राज्यों के किसान शामिल होंगे। इसके चलते दिल्ली पुलिस ने सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर बैरिकेडिंग कर दी। दिल्ली में केंद्रीय सचिवालय और उद्योग भवन मेट्रो स्टेशनों के सभी एंट्री और एग्जिट गेट बंद कर दिए गए हैं। सिंघु बॉर्डर पर एक स्कूल में अस्थाई जेल बना दी गई है। हरियाणा पुलिस ने रविवार सुबह हिसार, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, जींद और अंबाला में खाप प्रतिनिधियों और किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया। हरियाणा में सभी टोल प्लाजा पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

# गौमांस ले जाने के संदेह में एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** ने राष्ट्रीय राजधानी के ब्रिटानिया चौक शकूरपुर में अपने ट्रक में गोमांस होने की आशंका के चलते एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने रविवार को इस संबंध में जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपित ट्रक में था जब गौरक्षा दल के सदस्यों ने उसे संदिग्ध गोमांस के साथ पकड़ा। पुलिस ने बताया कि पंजाबी बाग पुलिस द्वारा संदिग्ध सामग्री को स्पष्टता के लिए जांच के लिए भेजा गया है। बता दें कि पुलिस ने कहा कि 7 अप्रैल को एक व्यक्ति को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कथित रूप से गोमांस प्रदर्शित करने वाला वीडियो पोस्ट करने और दूसरे धर्म के लोगों को गाली देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।एक अधिकारी ने कहा, "गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुकमा निवासी साजिद खान उर्फ साजो खान के रूप में हुई है।" घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए



पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता केदार कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में आरोपियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बीफ दिखाते हुए उनका एक वीडियो पोस्ट किया। इस हरकत से राज्य के सद्भाव को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। व्यक्ति के द्वारा गोमांस प्रदर्शित करने और एक विशिष्ट धर्म के लोगों को गाली देने का एक वीडियो पोस्ट किया करने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

# नकदी समेत पांच करोड़ का माल पर चोरों ने किया हाथ साफ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** इलाके में सर्राफा व्यापारी के घर से पांच किलो सोना व दो करोड़ 70 लाख रुपये नकदी चोरी कर ली गई। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, पुलिस अधिकारी का दावा है कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोरी के सुबूत नहीं मिल रहे हैं। माडल टाउन-तीन के सी ब्लाक के अक्षय महेश्वरी ने बताया कि उनकी करोल बाग स्थित सर्राफा बाजार में अनाया ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। उन्होंने माडल टाउन- दो के एच ब्लाक में नया मकान लिया है। वह परिवार के सदस्यों के साथ नए घर पर हवन के लिए गए थे। हवन खत्म होने के बाद शाम करीब चार



बजे जब वह पुराने घर पर वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला पड़ा था। अंदर का दूसरा दरवाजा टूटा हुआ था व तीसरा दरवाजा आधा खुला था। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने अपने पिता अरविंद महेश्वरी को कॉल कर बुलाया अलमारी से दो करोड़ 70 लाख रुपये नकदी व पांच किलो सोना चोरी हो चुका था।
**प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी गायब:** पांच किलो सोने में से साढ़े चार किलो सोने के बिस्किट थे। इसके अलावा प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी गायब थे।अक्षय ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर क्राइम टीम को बुलाया। टीम ने घर से फिंगर प्रिंट के नमूने एकत्रित किए। इस बारे में पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभी इस मामले में जांच चल रही है। प्रारंभिक जांच में चोरी का स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिला है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

**जांच जारी**

**● पुलिस अधिकारी का दावा है कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोरी के सुबूत नहीं मिल रहे हैं**

# पिटाई का बदला लेने के लिए पड़ोसी ने युवक का गला रेता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जाफरपुर कलां के रावता गांव में पिटाई का बदला लेने के लिए एक युवक ने पड़ोस में रहने वाले एक अन्य युवक का चाकू से गला रेत दिया। पीड़ित को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायल की पहचान रावता गांव निवासी समुंदर (43) साल के रूप में हुई है। वह इलाके में बाल काटने की दुकान चलाता है। शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे पुलिस को रावता गांव में एक शख्स पर चाकू से हमला किए जाने की जानकारी मिली।

# अनजान नंबर से वीडियो कॉल उठाना पड़ा बुजुर्ग को महंगा

**सावधानी बरतें**

**● बुजुर्ग को वीडियो कॉल किया और अश्लील हरकत करने के बाद वीडियो को वायरल कर देने की धमकी देकर पैसे की मांग की**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आपके** पास अनजान नंबर से वीडियो कॉल आता है तो उसे कतई न उठाए, क्योंकि वीडियो कॉल पर बात कर आप हो सकते हैं जालसाजों का शिकार।
द्वारका इलाके में एक लड़की ने एक बुजुर्ग को वीडियो कॉल किया और अश्लील हरकत करने के बाद वीडियो को वायरल कर देने की धमकी देकर पैसे की मांग करने लगी। उसकी बातों को अनसुना करने पर बुजुर्ग के पास पुलिसकर्मियों का फोन आने लगा। बुजुर्ग को लड़की का सुसाइड नोट भेजा गया, जिससे बुजुर्ग सहम गए और वीडियो को वायरल होने से बचाने के लिए पौने दो लाख रुपये गंवा बैठे। पीड़ित की शिकायत पर द्वारका साइबर सेल ने मामला दर्ज छानबीन शुरू कर दी है। सरकारी नौकरी से सेवानिवृत 67 वर्षीय पीड़ित अपने परिवार के साथ नजफगढ़ इलाके में रहते हैं।
साइबर सेल को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि पिछले साल एक लड़की का वीडियो कॉल आया। कॉल उठाने के बाद पीड़ित




ने महिला को कहा कि उन्होंने उन्हें पहचाना नहीं और तुरंत कॉल को काट दिया। उसी रात फिर से उनके पास वीडियो कॉल आया। जिसको उठाते ही पीड़ित ने कहा कि वह उसे नहीं जानते। यह सुनकर लड़की ने कहा कि वह कॉल को काटें नहीं बल्कि वह जो कुछ दिखा रही है उसे देख लें।
**खुद को बताया रोहिणी साइबर सेल का निरीक्षक:** लड़की ने उन्हें कुछ अश्लील फोटो दिखाए, फिर उन्हें अपना चेहरा दिखाने के लिए कहा। उसके बाद उसने फोन को काट दिया। कुछ देर बाद उसी नंबर से बुजुर्ग के पास मैसेज आया।
जिसमें उनके अश्लील फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी दी गई थी और उनसे 50 हजार रुपये बैंक खाते में डालने को कहा गया था। अगले दिन उनके पास गौरव नामक व्यक्ति ने वीडियो कॉल किया। उसने खुद को रोहिणी साइबर सेल का निरीक्षक बताया। उसने बुजुर्ग को बताया कि एक लड़की ने यू-ट्यूब पर उनकी अश्लील वीडियो डाली है। उसने बुजुर्ग को नसीहत दी कि वह राहुल शर्मा नाम के यू-ट्यूबर से बात कर अपनी वीडियो हटवा लें, नहीं तो वह वायरल हो जाएगा।
इसके बाद बुजुर्ग के पास पैसे की मांग कर रही लड़की का सुसाइड नोट मैसेज के माध्यम से आया। जिसे देखने के बाद बुजुर्ग सहम गए और उन्होंने यू-ट्यूबर राहुल से संपर्क किया। बुजुर्ग का आरोप है कि राहुल उन्हें जैसा करने को कहा वह करते रहे। बाद में पता चला कि आरोपित ने उनके बैंक खाते से 1.87 लाख रुपये निकॉल लिए हैं।

# एम्स में महिला डॉक्टरों-मरीजों के लिए लगीं सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के मद्देनजर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 14 सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनें व इंसीनरेटर लगाए गए। ये वेंडिंग मशीनें एम्स के मुख्य अस्पताल की ओपीडी सहित सभी सेंटरों की ओपीडी में भूतल पर बने महिला शौचालयों में लगाई गई हैं।
**बस 10 रुपये में मिलेंगे तीन सेनेटरी पैड:** इन मशीनों से जरूरतमंद महिला मरीज, महिला कर्मचारी, मेडिकल व नर्सिंग छात्राएं दस रुपये भुगतान कर तीन सेनेटरी पैड ले सकेंगी। खास बात यह कि हर सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन के पास इंसीनरेटर भी लगाए गए हैं। इसलिए प्रयुक्त सेनेटरी पैड को कूड़े में फेंकने के बजाय इंसीनरेटर से जलाकर इसका निस्तारण किया जा सकेगा। लिहाजा, एम्स की यह पहल महिलाओं के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ प्रकृति के अनुकूल भी है। एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कहा कि स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए आने वाले समय में एम्स में मौजूद सभी महिला शौचालयों में यह वेंडिंग मशीनें लगेंगी। बता दें कि 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। एम्स के गायनी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीरजा भाटला ने कहा कि इसका मकसद माहवारी के दौरान साफ-सफाई के प्रति महिलाओं को जागरूक करना होता है। ऐसे मामलों पर महिलाएं बात करने में संकोच करती हैं।

**विश्वस्तरीय**

**● ये वेंडिंग मशीनें एम्स के मुख्य अस्पताल की ओपीडी सहित सभी सेंटरों की ओपीडी में भूतल पर बने महिला शौचालयों में लगाई गई हैं**



मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अस्पताल में भर्ती आप नेता सत्येंद्र जैन से मुलाकात की। यहां केजरीवाल ने सत्येंद्र जैन को गले लगाया। उन्होंने जैन से मुलाकात की तस्वीरें अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की हैं। दिल्ली सीएम ने कैप्शन लिखा- बहादुर से आदमी मिला... हीरो।

# दिल्ली-नोएडा आने जाने वालों को मिलेगी जाम से राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आश्रम** फ्लाईओवर एक्सटेंशन के ऊपर कम ऊंचाई से गुजर रहे हाईटेंशन तारों को हटाकर तारों को ज्यादा ऊंचाई पर ले जाकर लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके तहत फ्लाईओवर के दोनों ओर लगाए गए दो यूनिपोल की मदद से तारों को ऊपर उठा दिया गया है जोकि फ्लाईओवर से काफी ऊंचाई पर हैं।
**आसानी से गुजर सकेंगे ज्यादा ऊंचाई वाले वाहन:** पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने बताया कि कम ऊंचाई पर लटक रहे हाईटेंशन तारों को हटाकर बिजली के हाइड्रो पोल का कनेक्शन दोनों यूनिपोल



के बीच में लगाए गए नए हाईटेंशन तारों में दे दिया गया है और कम ऊंचाई पर मौजूद हाईटेंशन तारों को हटा दिया गया है। इससे फ्लाईओवर से होकर गुजरने वाले ज्यादा ऊंचाई वाले वाहनों और हाईटेंशन लाइन के बीच पर्याप्त दूरी मौजूद रहेगी और भारी वाहनों के चालक आसानी से इस फ्लाईओवर से होकर गुजर सकेंगे। वहीं, फ्लाईओवर से सराय काले खां की ओर से लाजपत नगर की ओर आने वाले लूप को जोड़ने का काम भी लगभग पूरा किया जा चुका है। माह के अंत तक यात्री इस लूप का उपयोग कर सकेंगे।
**जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद:** गौरतलब है कि अब हाईटेंशन तारों की फ्लाईओवर से ऊंचाई बढ़ने से ऊंचे व भारी वाहनों को फ्लाईओवर से होकर जाने में कोई खतरा नहीं है। अब अधिक ऊंचाई पर लगाए गए हाईटेंशन तारों से होकर बिजली की आपूर्ति सुचारू की जा रही है। इससे आश्रम फ्लाईओवर के नीचे वाले मार्ग पर यातायात का दबाव कम होने और जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। बता दें कि इससे पहले आश्रम फ्लाईओवर पर भारी वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं थी। चूंकि नोएडा व डीएनडी की ओर से आश्रम आने के दौरान आश्रम फ्लाईओवर एक्सटेंशन पर चढ़ते ही शुरूआत में बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। जिसके चलते फ्लाईओवर बनने के बाद भी फ्लाईओवर से होकर केवल हल्के वाहनों के गुजरने की ही अनुमति थी।

**यात्रियों को राहत...**

**● फ्लाईओवर के दोनों ओर लगाए गए दो यूनिपोल की मदद से तारों को ऊपर उठा दिया गया है**

# छात्रा ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के द्वारका साउथ इलाके में सरकारी स्कूल की सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस को शिक्षक के खिलाफ एक और छात्रा से शिकायत मिली है। पुलिस ने शिकायत पर शिक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और शिक्षक की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 25 मई को 11 साल की बच्ची अपने माता-पिता के साथ द्वारका साउथ थाने पहुंची।

# दिल्ली में निर्माण श्रमिकों के मामले में बड़ी गड़बड़ी, 4.56 लाख कामगारों ने नहीं कराया रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्रम विभाग द्वारा** पंजीकृत किए जा रहे निर्माण श्रमिकों के मामले में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इस मामले में शुरू हुई जांच के बाद चार लाख 56 हजार 150 श्रमिकों ने अपने पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराया है, जबकि दिल्ली सरकार बार-बार उनसे अपील कर रही है कि वे अपना पंजीकरण कराएं और जिनका नवीनीकरण होना है, वे नवीनीकरण करा लें।
**पंजीकरण नवीनीकरण को लेकर उठ रहे सवाल:** इसके बावजूद श्रमिकों का पंजीकरण नवीनीकरण के लिए आगे न आने से सवाल उठ रहे हैं। माना जा रहा है कि इनमें श्रमिकों के नाम पर फर्जी पंजीकरण हो सकते हैं। जांच शुरू होने के बाद दोबारा पंजीकरण नहीं करवाए जा रहे। दिल्ली सरकार के श्रम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, राजधानी में कुल 13 लाख 18 हजार 583 निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं। इनमें से आठ लाख 62 हजार 433 इस समय मौजूद हैं। 4,56,150 ने नवीनीकरण नहीं करवाया है। इसके अलावा पंजीकरण के 2,03,778 मामले लंबित हैं। 25,543 जांच के लिए लंबित हैं। इसके साथ ही 87,833 आवेदनों में कुछ कमियां थीं, जिन्हें अस्वीकार कर दिया गया है। इस पूरे आंकड़े में यह बात लोगों के गले नहीं उतर नहीं है कि अब ऐसा क्या हो गया है कि पंजीकरण कराने के बाद कई लोग नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं, जबकि सरकार की ओर से इन्हें काफी सुविधाएं दी जा रही हैं। कुछ दिन पहले सरकार ने निर्माण श्रमिकों के लिए बस यात्रा भी मुफ्त कर दी है। इसके अलावा उनके बच्चों की पढ़ाई से लेकर शादी-ब्याह तक के लिए



पैसे दिए जाते हैं।
**तीन-तीन मंजिल के मकान वालों ने भी करा लिया पंजीकरण :** दिल्ली के पूर्व संयुक्त श्रम आयुक्त मुनीष गौड़ भी राजधानी में निर्माण श्रमिकों की संख्या 13 लाख होने पर सवाल उठाते हैं। उनका कहना है कि निर्माण श्रमिकों की आड़ में उन लोगों ने भी पंजीकरण करा लिया है जिनके पास तीन-तीन मंजिल के मकान हैं। उनके अनुसार राजधानी में लगभग चार लाख निर्माण श्रमिक हैं, लेकिन उनका पंजीकरण नहीं है।
**वर्ष 2018 में पकड़ा गया था घपला:** उन्होंने कहा कि निर्माण श्रमिकों में लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं पंजीकृत हैं, जबकि निर्माण क्षेत्र में महिलाओं की वास्तविक संख्या इतनी नहीं है। वह कहते हैं कि वह जब नौकरी में थे, तो उनके समय में, यानी वर्ष 2018 में यह घपला पकड़ा गया था। पश्चिमी दिल्ली और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से 80 शिकायतें श्रम विभाग की ओर से भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) में भेजी गई थीं। एसीबी ने इसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। एक फैक्ट्री मालिक का भी निर्माण श्रमिक के तौर पर पंजीकरण सामने आया था। वह कहते हैं कि जो चार लाख 56 हजार श्रमिकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है, इनमें अधिकतर फर्जी हैं। जांच शुरू होने के बाद से इनमें दहशत है, पर जांच में तेजी लाने की जरूरत है। उनके अनुसार घोटाले में कुछ कर्मचारी यूनियन वाले भी शामिल हैं।
**दो लाख से अधिक निर्माण श्रमिक के फर्जी होने का दावा:** इससे पहले दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड में संदिग्ध विसंगतियों की जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों के तहत पिछले वर्ष नवंबर में पंजीकृत दो लाख से अधिक निर्माण श्रमिक के फर्जी होने का दावा किया गया था। दिल्ली सरकार के श्रम विभाग द्वारा प्रदत्त वर्ष 2018 और 2021 के बीच पंजीकृत नौ लाख से अधिक श्रमिकों के रिकार्ड की जांच से पता चला था कि उनमें 1,11,516 डुप्लीकेट प्रविष्टियां थीं, 65,000 श्रमिकों ने एक ही मोबाइल नंबर साझा किया था, 15,747 श्रमिकों ने एक ही स्थानीय आवासीय पता साझा किया, लेकिन उस पते पर नहीं थे, और 4,370 श्रमिकों ने एक ही स्थायी पता साझा किया था। बता दें कि श्रमिकों के पंजीकरण का नवीनीकरण हर साल किया जाता है।
**एलजी ने दिए थे जांच के निर्देश:** कुछ निर्माण श्रमिकों के संगठनों द्वारा की गई भ्रष्टाचार की शिकायत पर उपराज्यपाल ने पिछले वर्ष 26 सितंबर को मुख्य सचिव नरेश कुमार को जांच करके उसकी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण संबंधी संख्या की जांच की गई थी। मई 2018 में दिल्ली सरकार के सतर्कता और भ्रष्टाचार-रोधी शाखा निदेशालय द्वारा दायर एक प्राथमिकी में गैर-निर्माण कर्मचारियों के फर्जी और झूठे पंजीकरण और उन्हें 900 करोड़ के धन के फर्जी वितरण का आरोप लगाया गया।

**संदेह**

**● इस मामले में शुरू हुई जांच के बाद चार लाख 56 हजार 150 श्रमिकों ने अपने पंजीकरण का नवीनीकरण नहीं कराया है**

## न्यूज फ्लैश

### भगवान बराह अवतार की कथा पढना और सुनना शुभ व पुण्यदायक: सुधाकर



**गन्नौर।** नगरपालिका रोड स्थित पुष्प वर्ल्ड स्कूल के सामने आयोजित श्रीमद्भागवत कथा व श्री खाटू श्याम कथा में कृष्ण जन्म व बाबा खाटू श्याम की कहानी की गुणगान किया गया। कथा में बतौर अतिथि पहुंचे कष्ट निवारण समिति सदस्य योगेश कौशिक व उनकी धर्मपत्नी निशा कौशिक पहुंचे और कथा वाचक सुधाकर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथावाचक ने योगेश कौशिक व उनकी पत्नी को स्मृति चिह्न भी भेंट किया। कथा वाचक सुधाकर महाराज ने कहा कि एकादशी के दिन भगवान बराह अवतार की पूजा की जानी चाहिए। इस दिन भगवान बराह अवतार की कथा पढना और सुनना भी शुभ और पुण्यदायक माना जाता है। वही वामन अवतार के बारे में वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि त्रेतायुग के प्रारंभ होने में देवी अदिति के गर्भ में उत्पन्न हुए। इसके साथ ही भगवान विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे जो मानव अवतार रुप में प्रकट हुए। दक्षिण में इन्हे मूल न उपेंद्र के नाम से जाना जाता है। भगवान राम अवतार का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान विष्णु के 10 अवतारों में 7वां अवतार भगवान राम को माना जाता है। कृष्ण जन्म के बारे में बताया कि कृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार मे हुआ था जो माता देवकी और पिता वासुदेव की 7वीं संतान थे।

### यमुना से बालू खनन करते दो ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त किये

**मथुरा।** थाना बल्देव पुलिस ने यमुना नदी से चोरी छिपे बालू का अवैध रुप से खनन करने वाले दो अभियुक्तों को दो ट्रैक्टरों को अवैध बालू से लदी दो ट्रॉली सहित गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी के मुताबिक यमुना नदी के चुरमुरा घाट के समीप पुलिस टीम पहुंची तो वहां एक ट्रैक्टर जिसमें लगी ट्राली अवैध बालू भरी थी। इसका चालक पुलिसवालों को देखकर अपना ट्रैक्टर भगाने लगा जिसे लहरौली गांव के पास घेर कर पकड लिया। चालक ने अपना नाम राजकुमार उर्फ राजू पुत्र जयपाल निवासी पौरी रैपुरा जाट थाना फरह बताया। जिससे बालू खनन करने आदि के सम्बन्ध में कागजात मांगे गये तो नहीं दिखा सका। वहीं दशरथ पुत्र स्व. रमेश चन्द्र निवासी पौरी रैपुरा जाट थाना फरह को एक महिन्द्रा ट्रैक्टर और उसमें लगी ट्रॉली में लदे बालू के साथ पकडा। यह बालू यमुना नदी के कंजौली घाट से अवैध खनन की गई थी।

### देर रात बीयर नहीं देना सेल्समैन को पड़ा भारी

**मथुरा।** शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अगरियाला में रात्रि में नेम सिंह का दुकान में ही एक बियर का सरकारी ठेका है। जिस पर नेम सिंह ही सेल्स मैन करता है। ठेके के पास में ही घर होने पर गांव का पवन पुत्र दल्लो नाम का युवक लगभग 10:30 बजे ठेके पर आया और आकर बीयर मांगने लगा लेकिन नेम सिंह ने ठेका बंद होने का हवाला देते हुए मना कर दिया तो वह युवक अपने घर वापस चला गया। कुछ देर बाद अपने साथियों के साथ आया और मारपीट कर दी। जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेज दिया। आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित नेम सिंह ने बताया कि लगभग 10:30 बज रहे थे पवन ठेके पर बीयर लेने आया तो उसे ठेका बंद है होने की बात कही।

### गति ने लॉन्च की बाईक एक्सप्रेस

**गुरुग्राम।** ऑल कार्गो ग्रुप कंपनी और भारत के प्रमुख एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स एवं आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाताओं में से एक गति लिमिटेड ने खासतौर पर डिजाइन की गई सुरक्षित एवं ऑन-टाईम बाईक परिवहन सेवा को देश भर में उपलब्ध कराने के लिए बाईक एक्सप्रेस का लॉन्च किया है। यह सर्विस विभिन्न स्थानों पर जाने वाले कामकाजी पेशेवरों एवं छात्रों, पर्यटकों, बाइकरों और उन सभी लोगों के लिए पेश की गई है जो स्वतन्त्र परिवहन सेवाओं का लाभ उठाना चाहते हैं। बाईक एक्सप्रेस कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराती है जैसे देश भर में मुफ्त और आसान डोर पिक-अप डिलीवरी, ऑन-स्पॉट पैकिंग, कस्टमाइज्ड डिलीवरी, विशेष यात्रा, प्रशिक्षित एवं अनुभवी पेशेवरों के द्वारा नियोजन एवं निष्पादन, वैदर प्रूफ कंटेनर व्हीकल के माध्यम से परिवहन, कन्साइनमेन्ट ट्रैकिंग, लास्ट माईल एवं रिमोट लोकेशन डिलीवरी, 24/7 कस्टमर सपोर्ट आदि। बाईक एक्सप्रेस 150 सीसी तक के लिए रु 4000 के ऑल-इन्क्लुजिव फ्लैट रेट पर और 150 सीसी से उपर के लिए रु 4500 पर उपलब्ध है। हाल ही में बाईक एक्सप्रेस की सफलता पर बात करते हुए हुअफरीद नसरवांजी, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, गति लिमिटेड ने कहा, बाईक से किसी नए स्थान पर जाना तनाव का कारण बन सकता है।

# हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है: जैन





**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**

ताइक्वांडो ऐसा खेल है जो हमे स्वस्थ रखता है, आत्मरक्षा का विश्वास पैदा करता है, खेल को कैरियर के रूप में चुना जाये तो युवाओं का भविष्य भी बनाता है। कामयाबी तभी मिलेगी जब हम अनुशासन, होशलें और हार न मानने के मन से खेल का प्रशिक्षण लेंगे।

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने सोनीपत ताइक्वांडो एसोसिएशन की तरफ से आयोजित चौथी जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप का उद्घाटन करने के बाद प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित किया। प्रतियोगिता में 250 से ज्यादा लड़के एवं लड़कियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को राजीव जैन ने पुरस्कार वितरित किए।

चैंपियनशिप में शिवा शिक्षा सदन देवनगर के खिलाड़ियों ने पहला स्थान, वॉरियर्स स्पोर्ट्स एकेडमी दूसरा स्थान, ग्रोवेल पब्लिक स्कूल चटिया ओलिया तीसरा तथा नालंदा स्कूल की टीम चौथे स्थान पर रही। एसोसिएशन के महासचिव एवं पार्षद अतुल जैन ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि एसोसिएशन के माध्यम से खिलाड़ी प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार हासिल कर रहे हैं। राजीव जैन ने पुरस्कार वितरित करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को शुरूआत दौर से पहचानने के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरूआत की है, उससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खेल में विजेताओं की पुरस्कार राशि बढ़ाकर खेलों के प्रति आकर्षण पैदा करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ियों ने विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया है।

## भूरीं गांव में ग्रामीणों के साथ पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने गांव भूरीं में बूथ संख्या 194 पर मण्डल महासचिव श्रवण कौशिक के निवास पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम का 101वां संस्करण ग्रामीणों के साथ सुना। नेहरा ने इससे पूर्व भारत माता के सपूत महान क्रान्तिकारी वीर सांवरकर की जयन्ती पर उन्हें श्रदा सुमन अर्पित किए। नेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत की जनता को नव निर्मित संसद भवन सौपने पर देश की जनता को शुभकामनाएं दी। उन्होंने नए संसद भवन का बहिष्कार करने वालो को भी कहा कि वोट की ओच्छी राजनीति छोड़ कर उद्घाटन समारोह मे शामिल होना चाहिए था पर इन लोगों की मानसिकता इतनी घटिया है। ऐसे लोगों को देश की जनता भविष्य मे सबक सिखाएगी। इस अवसर पर मोहित नेहरा, सुभाष शर्मा, गाँव के सरपंच प.सत्यनारायण आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कबीरदास जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले जिलास्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल करेंगे शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व झज्जर विधानसभा के पूर्व उम्मीदवार डॉ० राकेश मेहरा ने कहा कि 06 जून को कबीरदास जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले जिलास्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम शहर में स्थित जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रविवार को रेलवे रोड़ स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में डॉ० राकेश मेहरा ने कबीर समाज के गणमान्य लोगों की बैठक ली और उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। डॉ० मेहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार हमारे सभी ऋषि मुनियों की जंयती को बड़ी धूमधाम से पूरे प्रदेश में मनाती है, जिससे लोगों को उनके जीवन में बारे में पता चलता है और उनकी शिक्षाओं से जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिलती है।

## 'महिलाएं स्वच्छता, स्वास्थ्य के प्रति रहें जागरूक'

**मथुरा।** कोसीकलां में महिलाओं एवं किशोरियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए। ताकि विशेष दिनों के दौरान लापरवाही का असर उनके स्वास्थ्य पर न आ सके। इसको लेकर शर्म छोडकर गर्व की अनुभूति लानी होगी। कार्यक्रम व्यक्तिगत साफ सफाई को महिलाओं की निजता, गरिमा, सुरक्षा एवं आत्म सम्मान से जुडे महत्वपूर्ण कारक के रूप में उभारने का अवसर प्रदान करता है। विश्व मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता दिवस के अवसर पर पेप्सिको एवं पीजेआरएम फोर्स ट्रस्ट द्वारा गांव कामर में आयोजित कार्यक्रम की मुख्यवक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसाना की चिकित्सक राबिया फसी ने कहे।

## दिल्ली धरने पर बैठे पहलवानों के समर्थन पर जाने से रोके गए किसान थाने में ही बैठे



**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**दिल्ली के** जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों को समर्थन देने के लिए रविवार को महिला पंचायत बुलाई गई थी। जिसके लिए खरखौदा ब्लॉक के किसान सोनीपत रेल द्वारा सुबह समय करीब साढ़े 6 बजे दिल्ली जंतर मंतर पर जाने वाले थे। इससे पहले रात को ही, युवा किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ सहित कई अन्य किसानों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। युवा किसान नेता अभि मन्यु कोहाड़ सहित कई अन्य किसानों की पुलिस हिरासत से नाराज किसान खरखौदा के थाना कलां रोड पर इक्कठा होकर खरखौदा पुलिस स्टेशन में नारेबाजी करते हुए कहा कि अभि मन्यु कोहाड़ सहित अन्य किसानों को रिहा करो के नारे लगाए। वही अब किसान खरखौदा पुलिस स्टेशन में ही बैठ गए है उनका कहना हैं कि जब तक सभी किसानों को रिहा नही किया जाएगा तब तक पुलिस स्टेशन में ही बैठे रहेंगे। किसानों की तरफ से अब खरखौदा थाने में ही बैठकर पुलिस द्वारा किसानों को छोड़ने का इंतजार किया जा रहा है।

# विधायक निर्मल ने अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का दिया तोहफा

### फाटक पार जाट धर्मशाला में विधायक निर्मल चौधरी ने रिबन काटकर किया सेंटर का उदघाटन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

खेड़ी रोड पर जाट धर्मशाला में रविवार को विधायक निर्मल चौधरी ने अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस हेल्थ सेंटर उद्घाटन किया। गांधी नगर के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि फाटक पार भी हेल्थ सेंटर होना चाहिए। उद्घाटन अवसर पर विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि जब भी वो गांधी नगर में आती थी जो मुझे बड़ा अजीब सा लगता कि किसी भी राजनेता ने गांधी नगर की तरफ कोई ध्यान क्यों नही दिया वे सिर्फ लोगों की वोट बटोरने का काम करते रहे। विधायक ने कहा कि गांधी नगर के किसी भी आदमी ने मुझे इस कार्य के लिए कहा भी नही लेकिन में इसको लेकर काफी गंभीर थी कि बीमार होने पर लोगों को काफी दूर शहर में बने अस्पताल में दवाई लेने जाना पड़ता था।

> ▶▶ जब भी वो गांधी नगर में आती थी जो मुझे बड़ा अजीब सा लगता कि किसी भी राजनेता ने गांधी नगर की तरफ कोई ध्यान क्यों नही दिया

विधायक निर्मल चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से इस बारे में विचार विर्मश किया तो उन्होंने इस कार्य के लिए अपनी सहमति दी। जाट धर्मशाला चारों वार्डों के सेंटर में भी पड़ती उस पर सहमति बनी और उसी के चलते आज गांधी नगर के लोगों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए इस अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सौगात देने का काम किया गया है।

इस अवसर पर सीएमओ डा. जय किशोर, एसएमओ टीना आन्नद, एचआई रमेश धनखड़, जाट धर्मशाला के प्रधान विरेन्द्र राठी, रामधारी खोखर, मास्टर रमेश नैन, मास्टर समुन्द्र सिंह, पार्षद सचिन कोच, पार्षद नरेश वर्मा, सतबीर कोच, मास्टर विरेन्द्र, भोपाल रापरिया, महक फौगाट सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में लगाए गए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 100 ने किया रक्तदान



**गन्नौर।** जीटी रोड़ स्थित प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक निर्मल चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए निर्मल चौधरी ने कहा दान कोई भी हो वो दूसरे का भला ही करता चाहे पैसे का दान हो, अन्न का दान हो, लेकिन रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए स्कूल निदेशक एवं सीता अस्पताल के संचालक डॉक्टर संजय जैन ने कहा कि सभी को बढ़चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर का चेकअप होता रहता है और शरीर मे कोई छोटी मोटी बीमारी हो तो उसका भी हमे समय रहते पता चल जाता है। डॉक्टर जैन ने कहा कि रक्तदान हर इंसान को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर मे रक्त गाढ़ा हो जाता है जिसके चलते हृदय से जुडी बीमारियां पैदा हो जाती है। शिविर में स्कूल निदेशक अमित बत्रा, रोटरी क्लब गनौर के वरिष्ठ सदस्य डा. जोगेन्दर धनखड़, डा. वेद प्रकाश राठी, राकेश,डॉ. संदीप जैन,मोनिका चौधरी,रजत गुप्ता मौजूद रहे।

## आणविक हाइड्रोजन थैरेपी: एक दवा रहित और सुरक्षित रास्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** प्रिवेंटिव हेल्थ और वेलनेस सोल्यूशन के क्षेत्र में प्रमुख कंपनी सीरीन एनवायरोटेक को अपने उत्पादों की उदझ श्रृंखला की सफलता की घोषणा की । उदझ उत्पाद श्रृंखला में उदझ इनहेलर और उदझ हाइड्रोजन पानी की बोतलें शामिल हैं। यह अच्छी सेहत और रहन-सहन को बढ़ावा देने के लिए पीने योग्य पानी को ले जाने का सेहतमंद और स्टाइलिश संसाधन हैं। सीरीन एनवायरोटेक के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बाबू सुधाकर ने बताया, हम ऐसे नए-नए प्रॉडक्ट्स बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो दवाईरहित, सुरक्षित और सेहत के लिए लाभदायक हो। उदझ के प्रॉडक्ट्स बेहतर भविष्य के लिए प्रिवेंटिव हेल्थ और वेलनेस सोल्यूशंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का सबूत हैं। उदझ इनहेलर एक नया प्रॉडक्ट है, जो हाइड्रोजन गैस सांस के माध्यम से शरीर के भीतर ले जाने का अनोखा तरीका है, जिसके कई स्वास्थ्य संबंधी लाभ हैं।

## 'पीएम मोदी ने भारत को बनाया विश्व की आर्थिक महाशक्ति'



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने हलके के सिदिपुर लोवा गांव में जनहित में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया। स्वास्थ्य जांच कैंप का भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने शुभारंभ किया व कैम्प में उपलब्ध चिकित्सा जांच सेवाओं की जानकारी ली। नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कैम्प में आए लोगों की आंखों की जांच की व 140 लोगों को चश्मा लगाने योग्य पाया गया। कैम्प में लोगों को दवाइयां व चश्मे भेंट करते हुए नवीन बंटी ने कहा कि समाज हित में हर रविवार को बहादुरगढ़ हलके के एक गांव में ग्राम वासियों की सुविधा के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सेवा शिविर लगाया जा रहा है ताकि सम्मानित जनता को उनके गांव व घर के नजदीक स्वास्थ्य जांच सेवाओं की सुविधा मिल सके। कैम्प में भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने अपने हाथों से 140 लोगों को फ्री चश्में भेंट किए। जीवन ज्योति हॉस्पिटल से पहुंची डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य जांच की व उचित चिकित्सा परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयां प्रदान की।

कैम्प में एचबी, बीपी व शुगर की भी जांच भी फ्री की गई। नवीन बंटी ने कैम्प में मौजूद चिकित्सकों व स्टाफ सदस्यों तथा जीवन ज्योति अस्पताल के डायरेक्टर दीपक खट्टर, डायरेक्टर डॉ. ज्योति मलिक का आभार जताया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सोनू , राहुल प्रधान, सतीश प्रधान, भीम सिंह प्रणामी,सोनू मान मंडल अध्यक्ष,दुष्यंत काजला,जितेंद्र, राजेश मान,धर्म सिंह मान,चन्द्रबल मान, कवरभान,विश्वजीत मान,दीपक मान, विनय मान,लीलू मान, ओमप्रकाश मान, महाबीर सहरावत,धनराज मान, राजीव मान, रमेश प्रधान, राजू मान,सतबीर मान, मांगे प्रधान, सहित काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में कांग्रेस की नीतियों से करवाया अवगत

### - कांग्रेस युवा नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने कहा कि वे राई हलके में कर रहे है नीतियों का प्रचार



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम राई हलके के गांव कुंडली में कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय अंतिल प्रधान खेड़ा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, राजकुमार कटारिया वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने ग्रामीणों को संबोधित किया। कांग्रेसी नेता संजय आंतिल ने लोगों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाया और कहा कि वे हमेशा राहुल गांधी के संदेश को हल्के में पहुंचाने का काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी हमेशा हर जाति, धर्म को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। संजय ने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों से आज हर कोई वाकिफ है, जगह जगह दंगे हो रहे है और प्रदेश की जनता महंगाई की मार झेल रही हैं। संजय आंतिल ने कहा कि देश का नाम रोशन करने वाली हमारी पहलवान बेटियां जो देश का गौरव है, उनके साथ अन्याय हो रहा है। प्रदेश के सरपंच द्वारा अपनी मांग उठाने पर उनके साथ लाठी चार्ज हो रही है। प्रदेश के किसानों के साथ जो हुआ उसको भी प्रदेश की जनता जानती है। कांग्रेस नेता संजय एडवोकेट ने कहा कि हलके की जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया तो हलके का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है । उन्होंने कहा कि हलके के लोगों को जहां भी उनकी जरूरत पड़ेगी, वह लोगों की सेवा में तत्पर रहेंगे। इस मौके पर एडवोकेट आकाशदीप, चंद्रभान ,रजनी ,शेखर सैनी, रमेश, सतवीर खत्री, सुमित खत्री, डॉक्टर नीरज, जुबेर सैफी ,धर्मपाल, रामधन, प्रकाश चंद ,कौशल्या चौहान, नेहा चौहान, ममता, विजय ठकराल, अजय खत्री ,अशोक खत्री, के पी सिंह आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## एशिया के अग्रणी बिजनेस कोच राजीव तलरेजा और उनकी कंपनी क्यूएल वन ने किया प्रोफीकोर्न का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**23 और 24** मई को एशिया की सबसे बड़ी बिजनेस कोचिंग कंपनी क्यूएल वन ने एमएसएमई कारोबार मालिकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रोफीकोर्न 2023 की शुरूआत 650 से अधिक लोगों के बैंगलोर आगमन के साथ हुई, जो एशिया के सभी कोनों से 2 दिवसीय आयोजन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में 6 प्रतिष्ठित प्रवक्ताओं एवं बिजनेस लीडरों ने कारोबारों मालिकों को सम्बोधित किया।

प्रवक्ताओं में शामिल थे- भारत की सबसे बड़ी स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी जेरोधा के संस्थापक, बिलेनियर निथिन कामथ; ईज माय ट्रिप के संस्थापक प्रशांत पिट्टी; सनराईस कैंडल्स के संस्थापक भावेश भाटिया; जूजल के संस्थापक राजेश डेम्बला, जो डिजिटल कॉमर्स के लिए भारत का सबसे बड़ा माइक्रो डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क बना रहे हैं; भारत के सबसे पसंदीदा आईसक्रीम ब्राण्ड्स में एक नैचुरल्स आईस क्रीम के संस्थापक रघुनंदन और सिद्धार्थ कामथ।

निथिन कामथ ने राजीव तलरेजा के साथ बातचीत के दौरान कहा, बिजनेस मालिक होने के नाते जरूरी है कि आप उत्सुकता एवं उत्साह बनाए रखें। आपको हमेशा जोश के साथ आगे बढ़ना है, कारोबार के नए अवसर कभी भी आपके सामने आ सकते हैं! प्रशांत पिट्टी ने बताया, भारत एंटरप्रेन्युर बनने की इच्छा अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक है। ऐसे में मेरा मानना है कि आने वाले सालों में देश में एमएसएमई की संख्या तेजी से बढ़ेगी! कार्यक्रम में 9 प्रेरक एमएसएमई ने अपने विकास की कहानी के बारे में बताया, इस मौके पर क्यूएल वन के साथ 1-टू-1 कोचिंग हुई। इन कारोबार मालिकों ने महामारी के दौरान बहादुरी का प्रदर्शन किया है। जब उनके पारिवारिक कारोबार पर ताले लगने की नौबत आ गई थी, उन दौर में वे साहस के साथ आगे बढ़े और अपने कारोबार को फिर से मुनाफा कमाने वाले सफल व्यवसाय के रूप में स्थापित किया।

## संपादकीय

# संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और भारत की भूमिका

**सारी** दुनिया में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस हर साल 29 मई को मनाया जाता है। इस मिशन में भारत की अहम भूमिका है। 1960 से 1964 तक के यूएसओसी कांगो मिशन में भारतीय वायुसेना के छह कैनबरा बॉम्बर एयरक्राफ्ट तैनात किए गए थे। इनमें 467 अधिकारी, 401 जेसीओ और 11354 जवानों ने हिस्सा लिया था। इस मिशन में 39 सैनिकों ने अपने प्राण गंवाए थे। 1992 से 1993 तक कंबोडिया में भारत ने सीजफायर की निगरानी की थी। यहां के चुनाव में भी सहायता की थी। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के इस मिशन में 1373 सैनिकों की तैनाती की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2002 में आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार शांति रक्षा मिशन को अधिकार दिए। साथ ही 29 मई को शांति रक्षक दिवस के रूप में नामित किया। तब से प्रतिवर्ष इस दिन को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक है। कनाडा और पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 75वीं सालगिरह मना रहा है। उसके अब तक के शांति रक्षक अभियानों में अब तक दुनियाभर के 4000 से भी ज्यादा शांति रक्षकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इनमें भारत के शांति रक्षकों की संख्या करीब 170 है। यह संख्या किसी भी अन्य देश के मुकाबले सर्वाधिक है। 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी। इसकी स्थापना द्वितीय विश्वयुद्ध के विजेता देशों ने की थी। इसका मकसद था कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के मामलों में हस्तक्षेप करने से भविष्य में पुनः विश्वयुद्ध जैसे हालात न उभरने पाएं। इन देशों में अमेरिका, यूके, फ्रांस, रूस इत्यादि शक्तिशाली देश शामिल थे। इन संस्थापकों को उम्मीद थी कि वे इसके जरिये युद्ध को सदा के लिए रोक पाएंगे किन्तु 1945 से 1991 के शीत युद्ध के समय विश्व के विरोधी भागों में विभाजित होने के कारण शांति रक्षा संघ को बनाए रखना बहुत कठिन हो गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29 मई 1948 को पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इजरायल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए यूएन शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। फिलहाल विश्व में एक लाख से भी अधिक पुरुष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है। इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में तैनात हैं। यूएन के शांति मिशनों में भारत की भूमिका अहम है। सबसे पहले नवम्बर 1950 से जुलाई 1954 तक चले कोरियाई युद्ध के दौरान भारत ने इस मिशन में 17 अधिकारी, नौ जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) तथा 300 सैनिक तैनात किए गए थे। भारत हथियारों से लैस एक दल को 1956 से 1967 के बीच संयुक्त राष्ट्र की आपातकालीन सेना में भेजने वाला देश भी बना था।

# मौसम के बदलते मिजाज को समझिए

-डॉ. आशीष वशिष्ठ

> "शहर और महानगर हम छोड़ नहीं सकते, क्योंकि वहीं काम-धंधे हैं, लेकिन अपने घर, आंगन, आस-पड़ोस और जीवन को ऐसा ढाल सकते हैं कि गर्म गैसों का उत्सर्जन न्यूनतम हो सके। राहत की बात यह है कि अत्याधुनिक तकनीकों की वजह से ऐसी मौसमी घटनाओं का सही पूर्वानुमान लगाना काफी हद तक संभव हो रहा है। इससे जान-माल के नुकसान को कम करना संभव हो सका है। लेकिन मौसम के चक्र में होने वाले इस बदलाव पर अंकुश लगाने में विज्ञान के भी हाथ बंधे हैं"

**देश** में पिछले कुछ दिनों से मौसम परिवर्तनशील बना रहा है। इससे कई राज्यों में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। वर्ष 2022 की तरह ही इस साल भी सर्दियों ने भारत से जल्द विदाई ले ली है। देश के कई राज्यों मार्च के खत्म और अप्रैल के शुरू होते ही गर्मी का प्रकोप देखने को मिला था। एक सप्ताह की चिलचिलाती गर्मी के बाद मौसम ने ऐसी करवट ली कि कूलर और एसी को बंद करना पड़ा था। मई में भी मौसम लगातार अपने तेवर दिखा रहा है। इस वर्ष हालात ये हो गए हैं कि साल 1901 के बाद भारत ने 2023 में सबसे गर्म फरवरी का सामना किया। फरवरी में औसत तापमान 29.54 डिग्री सेल्सियस था। ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि मौसम में ये बदलाव क्यों हो रहा है? क्या यह बदलाव आने वाली किसी बड़ी समस्या का संकेत तो नहीं। भारत ही नहीं, ग्लोबल वार्मिंग का असर अब दुनिया के कई देशों में स्पष्ट नजर आने लगा है। इसी वजह से पिछले एक दशक में भारी बर्फबारी, सूखा, बाढ़, गरमी के मौसम में ठंड जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। है। ऐसा भी नहीं है कि एकाध बार किसी निम्न दबाव के चलते ऐसा हुआ। मौसम के मिजाज में यह बदलाव इस साल बार-बार देखने को मिल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि आने वाले गर्मी के मौसम में हीटवेव पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा परेशान करेगी। बढ़ती गर्मी के चलते फसलों के नुकसान का खतरा भी मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, मौजूदा मौसम की स्थिति के लिए ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेदार है। वैश्विक औसत तापमान में निरंतर वृद्धि पश्चिमी विक्षोभ जैसी बड़ी मौसम संबंधी घटनाओं की गतिशीलता को प्रभावित कर रही है। वर्ष 2017 के मार्च महीने में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाया था। मार्च के आखिरी तीन दिनों में तापमान इतना बढ़ गया था कि लगता है पारा अपने पिछले रिकार्ड तोड़ने पर आमादा है। हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और राजस्थान, ओडिशा, गुजरात, महाराष्ट्र नौ राज्य ऐसे हैं, जहां गर्मी का पारा 40-42 डिग्री को पार कर गया था। महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में पारा 46 डिग्री तक दर्ज किया गया है। हालांकि सर्दी की ठंडक फरवरी के मध्य तक समाप्त होने लगती है, लेकिन ठंडक का एहसास आधे मार्च तक महसूस होता रहा है। मार्च में



तापमान औसतन 34-35 डिग्री तक ही रहता है, लेकिन इस बार स्थितियां बेहद गर्म हैं। उस वक्त अमरीका में राष्ट्रपति ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के जिस अंतरराष्ट्रीय प्रस्ताव को रद्द किया था, उसे फ्रांस की राजधानी पेरिस में पारित किया गया था। इस मुद्दे पर चिंतित विमर्श में भारत भी शामिल हुआ था। बुनियादी चिंता यह है कि बेमौसम बरसात, बेमौसम बर्फबारी और ओले, बेमौसम सर्दी और गर्मी के जो प्रभाव देखे जा रहे हैं, वे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के ही असर हैं। आशंकाएं जताई जा रही हैं कि बहुत जल्दी तापमान 50 डिग्री तक पहुंच सकता है और कमोबेश महानगरों में फ्लैट की जिंदगी जीना दूभर हो सकता है। ये किसी सामान्य घटना के आसार नहीं हैं। मौसम विज्ञानी भी परेशान हैं। उनका सोचना है कि क्या अब गर्मी लंबी चला करेगी? दरअसल हमने पेड़ काटे, जंगल बर्बाद कर उजाड़ दिए, घरों में आंगन नदारद है, बल्कि हरियाली भी नगण्य है। जीवन में एयरकंडीशनर का प्रवेश ऐसे हो चुका है मानो शरीर के लिए प्राण हो! वाहनों और घरों में, बेशक, एयरकंडीशनर से ठंडक पैदा होती है। लेकिन ये उपकरण बाहर की ओर जो भीषण गर्मी छोड़ते हैं, उनसे इनसान नहीं प्रभावित होता है, पर्यावरण छलनी होता है और वह ह्यगैस चैंबरह्न बनता जाता है। ग्रीन हाउस के असर बढ़ रहे हैं। अब तो पहाड़ी इलाकों में भी गर्मी बढ़ने लगी है। नतीजतन एसी, कूलर लगाए जाने लगे हैं। पंखा तो आम प्रचलन में रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ के जलवायु परिवर्तन के पूर्वानुमान डराने वाले हैं। संगठन के अनुसार आने वाले पांच वर्ष अब तक के सबसे गर्म वर्ष साबित होने वाले हैं। जिसके लिये दुनिया के तमाम देशों को तैयार रहना होगा। जाहिर है इससे पूरी दुनिया को भीषण गर्मी, विनाशकारी बाढ़ और सूखे जैसी मौसमी घटनाओं के परिणामों के लिये तैयार रहना होगा। खासकर विकासशील देशों के लिये यह बड़ी चुनौती होगी क्योंकि उन्हें अपनी बड़ी आबादी को इस संकट से सुरक्षा प्रदान करनी होगी। इससे कृषि व अन्य रोजगार के साधन ही बाधित नहीं होंगे बल्कि कई देशों की खाद्य सुरक्षा शृंखला के खतरे में पड़ जाने की आशंका बलवती हुई है। निस्संदेह, घातक मौसमी घटनाओं के परिणामों से बचने के लिये विकसित व विकासशील देशों को कमर कसनी होगी। दरअसल, पूर्व औद्योगिक युग के स्तर पर 1.5 डिग्री सेल्सियस की खतरनाक वृद्धि से आगे तापमान बढ़ने से अल नीनो प्रभाव के चलते तमाम विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं। दरअसल, मानव की अंतहीन लिप्सा के चलते पैदा हुई ग्रीन हाउस गैसों द्वारा उत्सर्जित गर्मी इस संकट में इजाफा ही करने वाली है। जिससे दुनिया के पर्यावरण के व्यापक विनाश की आशंका पैदा हो रही है। हालांकि, विश्व मौसम विज्ञान संगठन की यह टिप्पणी कुछ राहत देती है कि यह वैश्विक तापमान वृद्धि अस्थायी है। लेकिन संगठन इसके बावजूद चेतावनी देता है कि पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग एक हकीकत बन चुकी है।

मगर यह भी एक हकीकत है कि जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में हुए सम्मेलनों में किये गये वायदों का सम्मान करने के लिये विकसित राष्ट्र अपने दायित्वों से विमुख बने हुए हैं। निश्चित रूप से जब तक विकसित देश तापमान नियंत्रण की दिशा में ईमानदार पहल नहीं करते पूरी दुनिया एक भयावह आपदा की दिशा में अग्रसर ही रहेगी। आंकड़ों के आलोक में बात करें तो 1983, 87, 88, 89 और 91 आदि वर्ष सबसे गर्म रहे हैं। शायद अब 2023 इस सूची में शीर्ष पर होगा, लेकिन सवाल है कि यदि तापमान 50 डिग्री तक पहुंच गया, तो मनुष्य कहां और कैसे रहेगा? माना जा सकता है कि भीषण गर्मी और लू के दौरान ऐसा करना संभव नहीं दिखता, लेकिन एसी के स्थान पर कूलर का इस्तेमाल कम हानिकारक होता है और ठंडक भी खूब मिलती है। क्यों न इसी बदलाव के साथ शुरूआत की जाए? आश्चर्य तो यह कि मौसम की विकरालता को हम नजरअंदाज करके बढ़ रहे हैं, जबकि कहीं किसी कोने में खड़ी प्रकृति हमें धिक्कारती है। यह अल-नीनो का प्रभाव हो या कार्बन उत्सर्जन की हदें अत्यधिक लांघ दी गई हों अथवा पेड़-जंगल गंजे किए जा रहे हों, लेकिन यह आशंकित मौसम किसी प्रलय से कम नहीं है। अब प्रयास हमें ही करने हैं। अभी जागृत और सक्रिय नहीं होंगे, तो हमारी हरकतों के नतीजे आने वाली पीढियों को झेलने पड़ेंगे। लिहाजा अपने ही स्तर पर वृक्षारोपण के आंदोलन छेड़ने पड़ेंगे। सरकारें भी अपनी ओर से ऐसे प्रयास करती रही हैं, लेकिन हमें सरकारों का ही मुखापेक्षी नहीं बनना है। आपदाएं हमारे सामने हैं, संकट हमारे अस्तित्व तक पर है, लिहाजा कोशिशें भी हमें ही करनी पड़ेंगी।

शहर और महानगर हम छोड़ नहीं सकते, क्योंकि वहीं काम-धंधे हैं, लेकिन अपने घर, आंगन, आस-पड़ोस और जीवन को ऐसा ढाल सकते हैं कि गर्म गैसों का उत्सर्जन न्यूनतम हो सके। राहत की बात यह है कि अत्याधुनिक तकनीकों की वजह से ऐसी मौसमी घटनाओं का सही पूर्वानुमान लगाना काफी हद तक संभव हो रहा है। इससे जान-माल के नुकसान को कम करना संभव हो सका है। लेकिन मौसम के चक्र में होने वाले इस बदलाव पर अंकुश लगाने में विज्ञान के भी हाथ बंधे हैं।

## कविता

**भारतीय संस्कृति।**

हमारी
भारतीय संस्कृति
इतनी गहरी और
है संस्कार-वान,
पूरे विश्व में इसकी
अलग है पहचान,
भारत की इसमें है
आत्मा और जान।
फिर क्यों इससे
विमुख होकर
भाग रहे हो
भारत माता से दूर,
विदेश जाकर बनने
जल्दी ज्यादा धनवान।
जब से आया है
इंटरनेट मोबाइल लैपटॉप,
तब से भारतीय युवाओं
की कर दी है
मानसिक स्थिति खराब.
पाश्चात्य दर्शन की
झलकियां देख देख
कर युवा
हो रहे हैं बेचैन'

**संजीव**

## सर्वधर्म प्रार्थना का संदेश जाएगा दूर तक

**आर.के. सिन्हा**

**देश को** एक नई, भव्य और गरिमामय संसद की इमारत मिल गई। इसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उदघाटन किया। लेकिन, इस बात का दुःख भी होता है पूर्व प्रधानमंत्रियों ने अंग्रेजों की गुलामी के इस संसद को बदलने की जरुरत है, इसपर सोचा तक नहीं, ऐसा क्यों ? उनके उदघाटन करने से पहले सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित हुई। यह भारत ही है जहां पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा के विचार को आत्म सात किया गया है। महात्मा गांधी ने अपनी सभाओं में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का श्रीगणेश करवाया था। नई संसद के उदघाटन से पूर्व भारत के सभी प्रमुख धर्मों के विद्वानों ने अपने-अपने धर्मों की पवित्र पुस्तकों के कुछ अंशों को पढ़ा। जिसने भी नई संसद परिसर में प्रार्थना सभा के कार्यक्रम को देखा तो उसका ह्रदय गदगद हो गया। हिन्दू धर्म के विद्वान डॉ. बलदेव आनंद सागर ने गीता के 5-6 श्लोकों को भी पढ़ा । वे गांधी जयंती पर होने वाली प्रार्थना सभाओं में भी भाग लेते रहे हैं। वे आमतौर पर पंचदेव की प्रार्थना का भी पाठ करते हैं। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। यह एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सब धर्मों को मानने वाले एक-साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मुख्य बिन्दुओं को रख सकते हैं। उम्मीद है कि नई संसद में भी देश के सभी धर्मों, वर्गों, प्रांतों वगैरह से आने वाले सांसद स्वस्थ बहस करेंगे। लोकतंत्र की आत्मा होती है वाद, विवाद, संवाद। जहां पर बहस नहीं है, उसे लोकतंत्र कहना बेमानी होगा। उधर, ईसाई धर्म से फादर जॉर्ज सोलोमन प्रार्थना सभा का हिस्सा रहते हैं। महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना पहले दिन से ही आरंभ हो गई थीं। उनका ईसाई धर्म, बाबइल और मिशनरियों के कामकाज से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे। जॉर्ज सोलोमन विभिन्न स्थानों पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थनाओं में बाइबल का पाठ करते हैं। वे कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत में सबके साथ समान व्यवहार करती है। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सरकारी आयोजनों में भी होना इस बात की गवाही है कि भारत सरकार का सब धर्मों को लेकर रवैया एक जैसा है। बाकी धर्मों के ग्रंथों की तरह बाइबल का भी रास्ता एक-दूसरे से प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

गांधी जी को बाइबल और ईसाई धर्म को करीब से जानने का अवसर मिला दक्षिण अफ्रीका में। सोलोमन को जब भी किसी सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जाने का अवसर मिलता है तो वे उस मौके को छोड़ते नहीं है। वहां का हिस्सा होना अपने आप में अप्रतिम अनुभव होता है। उन्हें विश्वास है कि भारत के नेतृत्व में चलकर विश्व नफरत पर विजय पा लेगा। संसार में शांति, सच्चाई और सहिष्णुता के एक नए युग की शुरूआत होगी।

## विचार

# सराहना बनाम अहंकार रूपी अदृश्य विष

**किशन भावनानी**

**कुदरत** द्वारा रचित इस खूबसूरत सृष्टि में बेहद शक्तिशाली बुद्धिमान मानवीय प्राणीकी रचना कर उसमें ऐसे अद्भुत गुणों की खान को मन, हृदय, मस्तिष्क रूपी शरीर के हिस्सों में इस तरह समायोजित किया है कि अपनें एक एक गुण शक्ति को पहचान कर उसे निखारा जाए तो श्रेष्ठ मानव की मिसाल कायम करने में देर नहीं लगेगी परंतु हम मानवीय जीव एसी उलझन में फंस कर रह गए हैं कि आज एक मानव ही दूसरे मानव का दुश्मन हो कर उसके हर काम की ऐसी आलोचना करता है कि सकारात्मक भाव, कार्य, गुण, मेहनत को नकारात्मक, निरउपयोगी और बेकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ता और अहंकार रूपी मैं मैं का बोध धारण कर उस विकार को अपनी शक्ति समझकर पालते है जबकि हम अपने दोस्तों की तो क्या, दुश्मनों के अच्छे कार्य की अगर थोड़ी सी सराहना तारीफ प्रशंसा कर दें तो उसके लिए यह औषधि का काम करेगी क्योंकि तारीफ, प्रशंसा एक फूल की सुगंध रूपी व सार्थक शक्ति है जो मनुष्य की सोई हुई उर्जा को जगा कर मंजिल तक पहुंचाने का काम करती है, जब कोई हमारी सराहना तारीफ करता है तो हमारे व्यक्तित्व में मिठास घुलने लगती है। प्रशंसा की यह मिठास न केवल कानों में प्रवेश करती है बल्कि मन के द्वारा हृदय में घुल जाती है और हमारे मंजिल तक पहुंचने का कारण बनती है आज के आर्टिकल में हम इसी औषधि तारीफ और प्रशंसा रूपी सुगंध का विश्लेषण करेंगे।

साथियों बात अगर हम तारीफ और प्रशंसा दोनों शब्दों की करें तो दोनों में बहुत सामान्य अंतर हैं, इनमें मुख्य अंतर यह है कि एक तारीफ कृतज्ञता, बधाई, प्रोत्साहन या सम्मान की अभिव्यक्ति है, जबकि प्रशंसा एक उचित मूल्यांकन या योग्यता, मूल्य या उत्कृष्टता की मान्यता का अनुमान हैं। इसका उपयोग उस व्यक्ति को धन्यवाद देने के लिए किया जाता है जिसने आपके लिए कुछ अच्छा किया है या कुछ ऐसा किया है जो आपको लगता है कि उसे प्रशंसा या विचार दिया जाना चाहिए। तारीफ का एक अच्छा उदाहरण है - आप वाकई साहसी हैं। प्रशंसा किसी ऐसी चीज की मान्यता या चिंता है जो आकर्षक है। किसी वस्तु को अत्यधिक ध्यान में रखना, जैसे मूर्ति का काम, उसकी सराहना करने का एक उदाहरण है। प्रशंसा को कृतज्ञता की भावनाओं के रूप में परिभाषित किया गया है। प्रशंसा का एक उदाहरण है - मैं आपके भारी काम और समर्पण के लिए सार्वजनिक रूप से आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। साथियों बात अगर हम तारीफ और प्रशंसा के सामर्थ्य व्यक्तित्व के गुणों की करें तो, एक श्लोक आया हैं। अष्टौ गुणाः पुरुषं दीपयन्ति, प्रज्ञा च कौल्यं च दमः श्रुतं च!
पराक्रमश्चबहुभाषिता च दानं यथाशक्ति कृतज्ञता च॥

अर्थ-सर्वेश्रेष्ठ आठ गुणों से मनुष्य की बहुत प्रशंसा होती है- 1. बुद्धि, 2. कुलीनता, 3. मन का संयम, 4. ज्ञान, 5. बहादुरी, 6. कम बोलना, 7. दान देना और 8. दूसरे के उपकार को याद रखना। इनका सामूहिक अर्थ, व्यक्ति अपनी बुद्धि का सही तरीके से उपयोग करना जानता है, वह अपनी लाइफ में बहुत सक्सेस पाता है। जो व्यक्ति बिना सोच-समझे कोई काम करता है, उसे अक्सर असफलता का मुंह देखना पड़ता है। जिस व्यक्ति का व्यवहार सरल और सहज होता है, वह भी अपने इस नेचर के कारण प्रसिद्धि पा सकता है। जबकि इसके उलट व्यवहार करने वाला व्यक्ति कभी किसी का प्रिय नहीं होता। जो व्यक्ति अपने मन यानी इंद्रियों को नियंत्रण में रखता है, वह साधु के समान होता है। ऐसा व्यक्ति महान गुरु बनकर भटके हुए मनुष्यों को रास्ता दिखाता है। यही काम करते हुए वह प्रशंसा और प्रसिद्धि पा सकता है। साथियों ज्ञान यानी नॉलेज। जिस व्यक्ति के पास ज्ञान होता है, वह हर समस्या का सामना कर लेता है। साथ ही वह लोगों को सही सलाह देकर उनकी परेशानियां भी कम करता है। ऐसे लोग अपने नॉलेज के दम पर अलग जगह बनाते हैं और प्रशंसा पाते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# संयम और मनोबल विश्वास की कुंजी

**संजीव**

**असफलता को** झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है'असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दशार्ती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है, लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है। असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है।

## यह हुई न बात

**डॉ. सुरेश कुमार**

**स्टाफ** रूम में बैठे भवानीदास कक्षा की तैयारी कर रहे थे। यह देख उनके साथी अध्यापक मोहन ने उन्हें टोका- आप हर दिन कक्षा में इतना गला फाड़कर पढ़ाते हैं। इसका कोई फायदा भी है? जो पढ़ने वाला होगा वही पढ़ेगा। बाकियों को पढ़ाने का क्या मतलब? न उन्हें कुछ आता है न जाता है। आप इतनी मेहनत करते ही क्यों हैं? आपकी वजह से हमारा जीना दुश्वार हो गया है। वैसे भी स्तरहीन बच्चों को जितना भी पढ़ाएँ, आखिरकार बनना तो उन्हें बेरोजगार ही तो है। दो-चार जरूरी प्रश्न पढ़ाकर उनसे पिंड छुड़ाइए। काहे को बेवजह का टिटिम्मा पालकर रखे हैं। कौनसा इन्हें आगे चलकर झंडे गाड़ना है। अंकों की होड़ ने तो शिक्षा को कब का मूल्यहीन बना दिया है। ऐसी शिक्षा भी कोई शिक्षा है? बात-बात में प्रधानाध्यापक आपका नाम ले-लेकर हमारी नाक में दम कर रखे हैं। हम आपके हाथ जोड़ते हैं। बच्चों को जितनी आवश्यकता है उतना ही पढ़ाइए। हद से ज्यादा पढ़ाने के चक्कर में हमारा बोरिया-बिस्तरा गोल मत कीजिए। भवानीदास चुप थे। अपने साथी अध्यापक की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे। फिर एक लंबी सांस लेते हुए कहा - कभी आपने चींटियों की लाइन देखी है? नहीं न? यदि देखी होती तो आप इस तरह मुझसे खीझकर बातें नहीं करते। चींटियों की वैसे तो कई खूबियाँ हैं। उनमें एक खूबी यह भी है कि वे अनुशासन के साथ कतार में चलने की सीख देती हैं। जो चींटी सबसे आगे होती है, वह पीछे-पीछे चलने वाली चींटियों को रास्ता बताते हुए चलती है। वह बड़ी समझदार, जागरूक तथा बुद्धिमान होती है। मात्र उसे ही मंजिल का पता होता है, सो पीछे वाली चींटियाँ उसका देखा-देखी कर पीछे-पीछे चल पड़ती हैं। गौर करने वाली बात यह है कि सभी चींटियाँ मेहनत कर रही हैं। किंतु रास्ता केवल एक को पता है। यदि बाकी की चींटियाँ उसका ठीक-ठीक पालन करेंगी तो अगली बार उन्हें किसी के पीछे चलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथी अध्यापक ने सारी बातें ध्यान से सुनी। किंतु अपनी खीझ का इन बातों से संबंध जोड़ नहीं पाए। उनके चेहरे पर उभरे प्रश्नचिह्न को देखकर भवानीदास समझ गए। भवानीदास इन बातों का संबंध कक्षा के बच्चों से जोड़ते हुए कहा- जब मैं पहली बार कक्षा में आया था तब चालीस में से केवल दस बच्चों को पढ़ना-लिखना आता था।

## न्यूज फ्लैश

### दुनिया के सबसे ताकतवर नेता हैं मोदी : सुभाष चन्द्र



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** देश की नई संसद के उद्घाटन पर रविवार को शहर के सदर बाजार स्थित दराबी लाइन में सम्मान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने विशेष रूप से शिरकत की। इस अवसर पर मीठे चावल बांटकर नई संसद भवन के निर्माण पर खुशी मनाई गई। इससे पूर्व आजादी के नायक और महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विकसित भारत की कल्पना को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आज आजादी के बाद पहली बार देश को नई संसद भवन का तोहफा मिला है। उन्होंने कहा कि यह संसद भवन एक इमारत नहीं बल्कि देश के सम्मान और आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है। उन्होंने कहा की एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के अनुरूप हम सब मिलकर देश के विकास में अपना योगदान दे। एक दूसरे राज्य की संस्कृतियों को जाने पहचाने उनका सम्मान करें ताकि भारत मजबूत और श्रेष्ठा से श्रेष्ठतर से श्रेष्ठतम की और बढ़े। सुभाष चन्द्र ने कहा कि हैरत की बात है कि आज पीएम के अधिकार पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस के शासनकाल में सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी ने विधानसभा भवन का उद्घाटन किया था। तब वे महज एक सांसद थे। वीर सावरकर पर बोलते हुए मिशन के वाइस चेयरमैन ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनके कई योगदान पीढि?ों को प्रेरित करते रहेंगे। वीर सावरकर की देशभक्ति, साहस और प्रतिबद्धता हमें एक नए भारत के निर्माण में प्रेरित करती है। राष्ट्र के लिए उनके कई योगदान पीढि?ों को प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से डीएलटीएफ के सद्स्य रवि सौदा, दीपक नागपाल, डॉ. मुकेश, राजन सिरसवाल, राजेश वैद्य, राकेश गहलोत, सुशील वैध, निरंजन वैश, प्रवीण आनंद,सोनू रावल, गोल्डी सौदा, नीरज सौदा, सुनील सौदा, विकास व कमल भारती सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# दान करने से मिलती है खुशी : गौरव खुराना

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा द्वारा जुण्डला गेट स्थित अपना आशियाना आश्रम में राशन, गेहूं, खाद्य सामग्री और पंखों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख गौरव खुराना व प्रमोद नागपाल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने शिरकत की। उन्होंने शाखा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अन्नदान सबसे बड़ा दान है। जरूरतमंद लोगों की सहायता करने से परमात्मा की कृपा सदैव बनी रहती है।
कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख एवं प्रांतीय संयोजक गौरव खुराना ने कहा कि दान करने से खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि हमें संवेदनशील होकर अपने




परिवार की जिम्मेदारी को पूरा करते हुए समाज के निम्न वर्ग, असहाय, अनाथ, गरीब और बुजुर्ग व्यक्तियों की देखरेख व उनकी सेवा करनी चाहिए। बिना स्वार्थ के की गई सेवा करने से परमपिता परमात्मा भी प्रसन्न होते हैं।

शाखा की अध्यक्ष प्रियंका काठपाल ने बताया कि उनकी शाखा पिछले सात वर्षों से अपना आशियाना आश्रम में सहयोग कर रही है और

**⏩ अन्नदान सबसे बड़ा दान है। जरूरतमंद लोगों की सहायता करने से परमात्मा की कृपा सदैव बनी रहती है**

आगे भी जरूरत पडने पर करती रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उन्हें किसी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

प्रमोद नागपाल ने काछवा गांव के किसानों से राशन व गेहूं एकत्रित किया और अपना आशियाना में दिया। गौरव खुराना ने राशन व जरूरी खाद्य सामग्री व प्रभा शर्मा ने बिजली के पंखे दिए। कार्यक्रम में अनिता सिंह, मीनू सिंगला, संतोख कौर, प्रभा शर्मा, अनु सपरा मदान, राजकुमार अरोड़ा, जोगिंद्र जूड, राजू नारंग और उमेश तनेजा मौजूद रहे।

## जिला पुलिस ने किसानों को छोड़ा दिल्ली में महिला महापंचायत को लेकर लिया था हिरासत में



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल में पहलवानों के समर्थन में दिल्ली महिला महापंचायत के लिए जा रहे किसानों, खाप सदस्यों, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद दोपहर बाद छोड़ दिया। रविवार सुबह किसान और खापों के प्रतिनिधि घरौंडा के किसान भवन में एकत्रित हुए थे। किसान नेता जगदीप सिंह औलख और अन्य को पुलिस ने सुबह ही हिरासत में ले लिया था। सभी किसानों को घरौंडा थाना ले जाया गया है। जगदीप औलख ने थाने से ही वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर जारी किया था। इससे पहले करनाल पुलिस ने जिलेभर के कई किसान नेताओं को सुबह 5 बजे ही हिरासत में ले लिया था। सर छोटू राम किसान यूनियन के नेता अमृतपाल बुग्गा, चढ़ूनी ग्रुप के युवा नेता गुरजंट सहित कई किसान नेताओं को पुलिस ने सुबह ही हिरासत में लेकर थाने में बैठा लिया था।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज : अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिला** लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक सोमवार 29 मई को प्रातः 11 बजे स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित होगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ.कमल गुप्ता करेंगे। बैठक में कष्ट निवारण समिति के सभी सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यगण भाग लेंगे।

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष एवं शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 18 मामले रखे जाएंगे, जिनमें नए 13 मामले शामिल रहेंगें। इनमें पंचायत विभाग, लोक निर्माण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, बैंक, उप आबकारी एवं कराधान विभाग, शिक्षा विभाग, नगर निगम से संबंधी मामले शामिल है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारी व शिकायतकर्ता के पास समिति की बैठक की सूचना भेजी जा चुकी है, ताकि शिकायतकर्ता समय पर पहुंचकर अपने मामले का निपटारा करवा सके।

## योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विधिपूर्वक किया गया अभ्यास

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **9वें अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के मद्देनजर मेरा मिशन स्वस्थ भारत योग कक्षा फाऊंटेन पार्क में विशेष सत्र का आयोजन हुआ। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने बताया कि 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ किया गया, जिसमें डॉ.अमित पुंज योग विशेषज्ञ आयुष विभाग एवं डॉक्टर दीपिका पुंज ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर योग शिक्षकों व साधकों को प्रशिक्षण दिया।
सर्वप्रथम दिनेश गुलाटी ने शरीर को एक्टिव रखने के लिए सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया,



जिससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है और प्रत्येक अंग में खून का संचरण बढ़ता है। डॉ. दीपिका पुंज ने शरीर को क्रियाशील रखने के लिए विभिन्न तरह के व्यायाम कराए।
तत्पश्चात डॉक्टर अमित पुंज ने योग प्रोटोकॉल आरंभ करते हुए साधकों को प्रोटोकॉल के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न क्रियाओं, आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया, जिसे मौजूद योग साधकों ने उत्साहपूर्वक करते हुए हर क्रिया को किया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विधिपूर्वक

**⏩ सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास करवाया, जिससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है और प्रत्येक अंग में खून का संचरण बढ़ता है**

अभ्यास किया गया, जिससे की 21 जून की तैयारियों के मद्देनजर प्रोटोकॉल कुशलतापूर्वक किया जा सके। कक्षा में योग शिक्षक नीलम बठला, निधि गुप्ता, वीना धीर, बरखा जिंदल, वीना सेठ, शिवानी कंबोज, नवीन जिंदल, एसपी शर्मा, राजेंद्र पपनेजा, देवेश भाटिया, नरेश चौधरी, पवन सैनी, एनफ चौधरी, सोनिया भाटिया, नीरज गुप्ता और कुसुम राणा मौजूद रहे।

## 23 पंजीकृत गौशालाओं को चारे के लिए जारी की गई 2.35 करोड़ की अनुदान राशिः अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि प्रदेश की गौशालाओं को गौशाला एवं गौसदन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 व वित्तीय वर्ष 2022-23 की बकाया राशि सहित मौसमी सूखा चारा (तूड़ा/भूसा) खरीद के लिए त्वरित चारा अनुदान की किस्त जारी की गई हैं। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार ने जिला करनाल की पंजीकृत 23 गौशालाओं के लिए 2 करोड़ 35 लाख 50 हजार 900 रूपए की राशि जारी की है। 23 गौशालाओ को वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम किस्त के तौर पर 1 करोड़ 73 लाखा 71 हजार 500 रूपए तथा 21 गौशालाओ को गत वित्तीय वर्ष 2022-23 की दूसरी किस्त के रूप में 61 लाखा 79 हजार 400 रुपए सरकार की और से त्वरित चारा अनुदान के लिए दिए गए हैं।
उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पशु पालन विभाग के माध्यम से यह राशि संबंधित गौशालाओं को चारे की उपलब्धता के लिए जल्द ही दे दी जाएगी। डीसी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत गौशालाओं को गौशाला एवं गौसदन योजना के तहत उपलब्ध करवाई गई राशि की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गांव बाहरी स्थित मीरा बाबा शाहद भूरा गौशाला को 4 लाख 84 हजार 500 रूपए, पंचतारणी गौधाम सेवा संस्थान अरड़ाना को 3 लाख 3 हजार रूपए, श्री कृष्ण गोपाल गौशाला जुंडला को 9 लाख 26 हजार 250 रूपए, श्री कृष्ण गौशाला समिति असंध को 14 लाख 45 हजार 250 रूपए, श्री राधा कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट करनाल को 8 लाख 94 हजार 750 रूपए, श्री कृष्ण गौशाला करनाल को 6 लाख 27 हजार रूपए, श्री गऊ माता गौचरांद संरक्षण समिति घरौंड़ा को 18 लाख 33 हजार रूपए, श्री बाबा निहाल गिरि गौशाला मधुबन 2 लाख 13 हजार 750 रूपए, श्री कृष्ण जी गौशाला राहड़ा को 4 लाख 95 हजार रूपए, श्री कृष्ण गोपाल गौशाला उपलाना को 13 लाख 57 हजार 500 रूपए उपलब्ध कराई जाएगी।

## 'कृष्ण बेदी 4 जून को कंप्युटर लैब व लाइब्रेरी का करेंगें उद्घाटन'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भगवान** वाल्मीकि जन कल्याण संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक प्रधान सुभाष बुम्बक की अध्यक्षता में वाल्मीकि भवन सैक्टर-9 करनाल में आयोजित हुई, जिसमें कम्पयुटर लैब व लाईब्रेरी के उद्घाटन कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सुभाष बुम्बक ने बताया कि वाल्मीकि भवन में कम्पयुटर लैब व लाईब्रेरी बनकर तैयार हो गई हैं, जिसका मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव कृष्ण बेदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर 4 जून को प्रातः 10 बजे कम्पयुटर लैब व लाईब्रेरी का उद्घाटन करेंगे।

## नशा मनुष्य के तन, मन और धन तीनों को नष्ट करता है : डा. अशोक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं पुलिस महानिरीक्षक अमिताभ सिंह ढिल्लों के दिशा-निदेशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के नेतृत्व में 7 हरियाणा बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर के शिविर में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 126वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की, जबकि सूबेदार मेजर सुखविंद्र सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि हरियाणा का एक नारा है-देशों में देश हरियाणा, जित दूध दही का खाना। लेकिन आज के समय में सरकार ने राज्य को नशा मुक्त करने के प्रयोजन से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन किया है। उन्होंने बताया कि इस ब्यूरो का कार्य हरियाणा को दो प्रकार से नशा मुक्त करना है। प्रथम नशे के अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर और दूसरे नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके। इसीलिए ब्यूरो प्रत्येक विद्यालय महाविद्यालय में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है।
डा. वर्मा ने कहा कि किस प्रकार नशा मनुष्य के लिए घातक है और मनुष्य के तन मन और धन तीनों को नष्ट करता है। कोई भी व्यक्ति जो नशा आरंभ में लेता है यह नहीं सोचता कि वह जीवन भर नशा करेगा लेकिन थोड़े ही समय में व्यक्ति को नशे की लत लग जाती है। उन्होंने कहा कि नशा दो प्रकार का है। एक खुला और दूसरा प्रतिबंधित। दोनों ही नशे मनुष्य के जीवन को क्षति पहुंचाते हैं।
उन्होंने बताया कि 9050891508 ब्यूरो द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त राष्ट्र के निर्माण में सहयोग कर सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी के छात्रों ने शपथ ग्रहण की कि वे जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे।

## आप हरियाणा में जल्द ही करेगी एक बड़ी रैली: सुशील गुप्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **हरियाणा** में आम आदमी पार्टी के संगठन की घोषणा के बाद रविवार को सेक्टर-12 में पार्टी की प्रदेश स्तरीय मीटिंग हुई। मीटिंग में पहुंचे नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने कहा कि दिल्ली और पंजाब की जनता को आम आदमी पार्टी ने बिजली फ्री, पानी फ्री व ओल्ड पेंशन योजना लागू करके जो फायदा दिया है, वह हरियाणा की जनता को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन जल्द ही एक बड़ी रैली करेगा, जिसमें पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को आमंत्रित किया जाएगा, जिससे पार्टी



कार्यकताओं को एक नई ऊर्जा मिलेगी।
पहलवानों के समर्थन में दिल्ली कूच को पुलिस के रोकने पर सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार डरी हुई है। पहलवानों को इंसाफ मांगने के लिए पहले तो जंतर-मंतर पर धरने पर बैठना पड़ा। उसके बाद एक एफआइआर लिखवाने के लिए उन्हें कोर्ट जाना पड़ा। आज शांतिपूर्ण तरीके से महिला महापंचायत का आयोजन देश की उन चुनिंदा खिलाडियों ने किया, जिन्होंने देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा, पंजाब और यूपी बॉर्डर पर महिलाओं को महापंचायत में जाने से रोक दिया। महिलाओं का सम्मान भाजपा कितना करती है, उसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यौन शोषण के आरोपों में घिरे खेल मंत्री को भी भाजपा ने अपनी गोद में बैठाकर रखा हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता अशोक तंवर ने कहा कि नई प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक हुई है और कार्यकताओं को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने सत्ता और विपक्ष दोनों पर ही निशाना साधा और कहा कि आज देश में राजनीतिक हालात किसी से छिपे नहीं है।

## 'पानी की एक-एक बूंद बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **उपायुक्त** अनीश यादव ने जिला के प्रत्येक नागरिक से आह्वान किया कि पानी की एक-एक बूंद बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जल संरक्षण का विषय जहां भविष्य के जीवन से जुड़ा है, वहीं जल संसाधनों और प्रभावी जल प्रबंधन के बिना विकास संभव नहीं है। उपायुक्त ने कहा है कि समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने और पानी बचाने का संकल्प लेना जरूरी है। जल संरक्षण करने और लोगों के घर द्वार पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से ही हरियाणा सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना को भी क्रियान्वित किया है। उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन करके हम आने वाली पीढियों के लिए जल संचय करने में अपना योगदान दे सकेंगे।
उन्होंने कहा कि जल एक ऐसा दुर्लभ प्राकृतिक संसाधन है, जो सिर्फ कृषि कार्यों के लिए ही नहीं बल्कि पृथ्वी पर जीवन के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि जल की कमी का संकट न केवल भारत बल्कि दुनिया के लगभग सभी देशों की एक विकट समस्या बन चुका है। लोगों को जल का महत्व बताना और कैसे अलग-अलग तरीकों से जल को संरक्षित किया जा सकता है।

## निजी अस्पताल में हुई ज्योति की मौत का मामला गर्माया

### सीएमओ पर लगाया अस्पताल से मिलीभगत का आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** निजी अस्पताल में हुई ज्योति की मौत के मामले में एक बार फिर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सडकों पर उतर कर प्रदर्शन किया। रविवार सुबह सेक्टर-12 के पार्क में विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाज के लोग एकत्रित हुए। उसके बाद दोपहर को जिला सचिवालय तक प्रदर्शन किया गया। सामाजिक संगठनों के लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अस्पताल मालिक और करनाल सीएमओ का पुतला फूंका। प्रदर्शन कर पुतला फूंकने के बाद सभी संगठनों के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा




कि अगर जल्द से निजी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो व बड़ा फैसला लेने को मजबूर होंगे।
इस दौरान सभी संगठनों और मृतका ज्योति के परिजनों ने निजी अस्पताल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की। परिजनों ने सीएमओ पर भी अस्पताल के साथ मिलीभगत करने के आरोप लगाए।
उल्लेखनीय है कि 22 अक्टूबर को ज्योति को डेंगू हुआ था। 23 अक्टूबर को ज्योति को करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान ज्योति की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने उसके इलाज में लापरवाही बरती, जिस कारण ज्योति की मौत हो गई। मृतका के पिता ने कहा कि उनके द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसके विरोध में पहले भी परिजन व विभिन्न संस्थाओं के लोग निजी अस्पताल के खिलाफ प्रदर्शन कर चुके हैं।

# शालीमार बाग: वार्ड-55 भाजपा की हुई कार्यकारिणी बैठक






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी वार्ड-55 शालीमार बाग-ए मंडल कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के विकास कार्यों का उल्लेख किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए जिला उपाध्यक्ष शशि जेटली, जिला मंत्री अजय खटाना, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव ने संगठन के विषय में सभी कार्यकर्ताओं के साथ सभी विषयों पर चर्चा की। बैठक में मंडल महामंत्री वीरेन्द्र सिंह पिंटू, मंडल महामंत्री सुनील ठाकुर, राजेश गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष पिंकी ठाकुर, सतीश कालीरमन, राज सिंह, नीलिमा मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम शर्मा, प्रदीप जिन्दल, श्रवण शर्मा, राजकुमार चौधरी और मंडल के पदाधिकारी, खंड प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने भाजपा के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी और कहा कि हम सभी को भाजपा के कार्य जन-जन तक पहुंचाने है और लोगों को भाजपा से अधिक से अधिक जोड़ना है।

## भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया हैं: रोशन कंसल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने कहा कि आज देश के लोग भाजपा के कार्यों व नीतियों से काफी ज्यादा प्रभावित है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। उन्होंने आगे बताया कि सभी क्षेत्रों में विकास की लहर देखने को मिल रही है। शहरों की हालात में सुधार तो हुआ ही है, आज गांवों में भी विकास देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी के राज में किसान भी काफी ज्यादा खुश है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों को सराहा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा भी दिल्ली में कई अभियान चलाये जा रहे है और दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की त्रुटियों से अवगत कराया जा रहा है।

## कुशक नम्बर-2 में गंदा पानी आने से लोग हो रहे हैं परेशान: सैनी

### दिल्ली जल बोर्ड के आला अधिकारी करें क्षेत्र का दौरा, ताकि समस्याओं का हो समाधान: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराडी** विधानसभा क्षेत्र के कुशक नम्बर-2 गांव में दिल्ली जल बोर्ड की जो पानी की सप्लाई आ रही है, वह गंदा पानी आ रहा है जो जनता को जलजनित बीमारियों के लिए न्यौता दे रहा हैं। उक्त जानकारी समाजसेवी खेमचंद सैनी ने दी। उन्होंने आगे बताया कि जल बोर्ड के अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेते है, जिसकी वजह से यहां पर पानी की समस्या गंभीर हो चुकी है।
उन्होंने आगे बताया कि पानी की समस्या कुशक गांव में ही नहीं, बल्कि बुराड़ी क्षेत्र के कई इलाको में यह समस्या है। क्योंकि अधिकारी अपने में मस्त है और जनता की सुन नहीं रहे है।
समाजसेवी खेमचंद सैनी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस इलाके में जल बोर्ड के आला अधिकारियों का दौरा होना चाहिए, जिससे की जनता को पानी की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि अगर पानी की समस्या का हल नहीं हुआ तो यहां के निवासियों को मजबूर होकर प्रदर्शन का रूप लेना होगा।



### 'जलजनित बीमारियों को न्यौता दे रहा हैं जल बोर्ड का गंदा पानी'



**कुशक** नम्बर–2 गांव के समाजसेवी खेमचंद सैनी ने कहा कि कुशक नम्बर–2 गांव के अलावा बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के कई इलाको में गंदा पानी आने की वजह से लोग परेशान है। क्योंकि जिस प्रकार से जल बोर्ड के द्वारा पानी की सप्लाई आ रही है, इससे जलजनित बीमारियों के फैलने की पूरी आंशका बनी हुई है। इसलिए सरकार को इस समस्या के समाधान पर विशेष ध्यान देनी की आवश्यकता है। ताकि जनता को शुद्ध जल मिल सके।

## बुराड़ी: पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लोग: आदेश भारद्वाज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**करावल** नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को निःशुल्क पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज दिल्ली के कई इलाको में गंदा पानी आने की वजह से दिल्ली की जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। जब जनता बाजार से बार-बार पानी खरीद कर ही पी रही है तो पानी मुफ्त कैसा हुआ। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, तभी तो लोग कांग्रेस के कार्यों से खुश है।

## आठ लाख से अधिक पैड़ वितरित कर चुके है मोहित भारतीय



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जब** समाज में बदलाव लाने की बात हो और विषय महावारी का हो, जहाँ भारत के ज्यादातर हिस्सों में महावारी या मासिक धर्म को अब भी अशुद्ध और अस्पृश्य माना जाता हो। वहां किसी पुरुष द्वारा इस विषय के बारे में बात करना समाज में अनैतिक माना जाता हैं। इसके लिए आज भी कोई खुलकर बोलने को राजी नहीं होता क्योकिं लोगों को लगता हैं कि इस विषय पर सार्वजानिक रूप से बात नहीं की जा सकती, ऐसी ही कई दिक्कते मोहित के साथ कई बार सामने आयी भी जब कुछ महिलाओं ने उनके बोलने के बीच कई बार बात काटी या उठकर चली गयी पर उन्होंने हार नहीं मानी जिसमे उनका सहयोग जिले की जिलाधिकारी महोदया और कुछ महिला सदस्यों ने किया। मासिक धर्म के नाम पर महिलाओं के साथ भेदभाव होता हैं जिसके चलते कई बार उनको प्रताड़ित भी होना पड़ता हो तो ऐसे चलन को दूर करने के लिए इस महत्वपूर्ण विषय पर पुरुषों को भी जागरूक करने की आवश्यकता हैं मोहित कुमार प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं जो अक्षय कुमार की पैडमैन मूवी से प्रभावित होकर पैडमैन बने और अब तक बच्चियों और महिलाओं को 8 लाख से अधिक निःशुल्क सेनेटरी पैड प्रतिष्ठा अभियान के माध्यम से वितरित कर चुके हैं।

## नए संसद भवन को ताबूत बताना देशवासियों का अपमान: गोयल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूनाईटेड** हिन्दू फ्रंट द्वारा क्यू ब्लॉक, मंगोलपुरी में हिन्दू राष्ट्र पंचायत का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने उपस्थित लोगों को कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है, देश के नए संसद भवन के उद्घाटन का विरोध करने वाले और नई संसद की तुलना ताबूत से करने वाले वहीं नेता और दल है जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण व धारा 370 को हटाएं जाने का भी विरोध किया था। मंत्रोचारणा के साथ नए संसद भवन का उद्घाटन करके मा. प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को सनातन की ताकत की झलक दिखाई। जो लोग नए संसद भवन को ताबूत कह रहे है आने वाले चुनाव में देश की जनता उनको अपना वोट ना देकर ताबूत में ही भेज देगी। इस अवसर पर यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने कहा कि आज इस हिन्दू राष्ट्र पंचायत का आयोजन भारत माता के महान सपूत व स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर हम उनको नमन करते है और उनका यह उद्घोष हिन्दी, हिन्दू व हिन्दुस्तान को आगे बढ़ाते हुए भारत को हिन्दू राष्ट्र के अभियान के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वीर सावरकर के विचार राजनीति का हिन्दू करण, हिन्दुओं के सैनिक करण व सैनिकों का आधुनिकीकरण का फ्रंट अनुसरण करता है जातिवाद का कट्टर विरोध भी करता है। संसद भवन को ताबूत बताना देशवासियों का अपमान है।




शालीमार गांव में बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई गई। इस मौके पर आरडब्ल्यूए प्रधान डॉ. ईश्वर दयाल सैनी, सुनीता और डॉ. आस्था मौजूद रहे।

## सभी को पौधारोपण अवश्य ही करना चाहिए: गिरीश कुमार साहू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए, जिससे की क्षेत्र का वातारण हरा-भरा नजर आये। उक्त बातें समाजसेवी गिरीश कुमार साहू ने कही।
एक अन्य सवाल के जवाब में श्री साहू ने कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरो को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। सभी को रक्तदान करना चाहिए। स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है।



भारत नगर के श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में लगाये गये आधार कार्ड कैंप में कार्ड बनवाते हुए लोग।

# पीतमपुरा में वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन की प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वैश्य वर्ल्ड** फाउंडेशन पंजीकृत दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी की मीटिंग दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अतुल अग्रवाल के कार्यालय 30 निशांत कुंज, पीतमपुरा में संपन्न हुई। इस मीटिंग में सभी वरिष्ठ सदस्य ने अपने अमूल्य विचारों से सभा को अवगत कराया और भूटान के टूर के बारे में और 25,26,27 अगस्त को होने वाले को बिजनेस कॉन्क्लेव के बारे में अपनी बहुमूल्य राय दी तथा सभी वरिष्ठ सदस्यों ने नए इन्वेस्टर और नए व्यक्तियों को संस्था में जोड़ने का प्रोग्राम बनाया। जिसके लिए फाउंडर मेंबर 101000, चीफ पैटर्न 51000 , पैटर्न 21000, तथा लाइफ मेंबर1100 रूपए और धर्म पत्नी के साथ दोनों के 1600/ रखे गए और आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा पर विचार-विमर्श किया गया। यशपाल गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल अग्रवाल अध्यक्ष दिल्ली, सुनील कुमार गोयल महामंत्री दिल्ली प्रदेश, दीपक गुप्ता महामंत्री दिल्ली प्रदेश, विनोद कुमार जैन, प्रवेश गर्ग, नवीन जैन ,सुशील जैन, घनश्याम दास गुप्ता, राजकुमार जैन, अनिल जिंदल, केसी गुप्ता, सतीश तायल, तीर्थराज सिंगल, राम भगत गुप्ता सभी लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा अध्यक्ष अतुल अग्रवाल को विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा जो भी निर्णय लिए जाएंगे सभी उसे पूरा करने में मदद करेंगे।
इस अवसर पर वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन के दिल्ली प्रदेश के महामंत्री सुनील कुमार गोयल ने बताया की वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन दिल्ली प्रदेश की 2023 की नई टीम का गठन बहुत जल्द करा जाएगा।

# डीएसपी ने किया खेलो निसा प्रतियोगिता का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
द एसडी विद्या स्कूल में खेलो निसा 2023 प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उदघाटन समारोह में बड़ी संख्या में प्राइवेट स्कूल्स ने भाग लिया। उदघाटन सामारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा पुलिस के डीएसपी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जोगिंदर शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने खेलो निसा 2023 का झंडारोहण कर और आसमान में बैलून छोड़ कर विधिवत प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर नेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा, द एसडी विद्या स्कूल की डायरेक्टर, प्रिंसिपल नील इंदरजीत कौर संधू समेत तमाम अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। खेलों निसा 2023 के उद्घाटन अवसर पर मुख्य



अतिथि जोगिंदर शर्मा ने कहा कि आज के छोटे बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों में प्रतिभा का खजाना छुपा है। उसे तलाश का तराश कर सामने लाना है। एक दिन ऐसा आएगा जब इन्हीं में से कोई बच्चा राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेगा। इंडिपेंडेंट स्कूल्स अलायंस (निसा) और फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए जो प्रयास किए हैं, इससे मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं। प्राइवेट स्कूल्स शिक्षा के संग खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह अत्यंत सार्थक कदम हैं। इसकी जितनी सराहना की जाए कम हैं। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी बच्चों को मोटिवेट किया और उन्हें हर तरह के नशे से दूर रहने की सलाह दी। टी-20 फाइनल के आखिरी ओवर की यादें साझा की

**⏩एक दिन ऐसा आएगा जब इन्हीं में से कोई बच्चा राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेगा**

धड़कने रोक देना वाला भारत - पाकिस्तान का टी-20 फाइनल सभी को याद है। इंडिया वर्ल्ड चैपिंयन बना था। आखिरी ओवर के संबंध में बच्चों ने अपने प्रिय खिलाड़ी से सवाल पूछा तो वह बरबस मुस्कुरा दिए। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय प्लेयर तनाव सहने के आदी होते हैं क्योंकि हम बहुत ज्यादा अभ्यास के बाद मैच में उतरते हैं। जोगिंदर शर्मा ने कहा कि आखिरी ओवर में मेरा प्लान था कि मै यॉर्कर फेकूंगा, पर लास्ट मोमेंट में मिस्बाह उल हक को देख कर प्लान चेंज कर दिया। मैने बाल पर ग्रिप चेंज की, जिससे मिस्बाह गच्चा खा गया और गेंद हवा में चली गई। यह बात अलग है जब तक श्रीसंथ ने कैच पकड़ नहीं लिया, हम सब की धड़कन रूक रही थी। मुझे गर्व है कि मै देश की जीत में अपना योगदान दे सका। मुख्य अतिथि जोगिंदर शर्मा ने तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की दिल खोल कर तारीफ की। उन्होंने कहा कि धोनी अपने सभी प्लेयर की काबिलियत को पहचानते हैं और भरोसा करते हैं।

मुख्य अतिथि ने उद्घाटन समारोह में हुए स्कूल्स के मार्च पास्ट में से बेस्ट मार्च पास्ट करने वाले स्कूल मैवरिक इंटरनेशनल स्कूल को सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा की और उनका उत्साह बढ़ाया।

# ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रोड सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन की हुई मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
गत दिवस रोड़ सेफ्टी ऑगेर्नाइजेशन की मीटिंग चैयरमेन गौरव मिगलानी की अध्यक्षता मे अम्बाला ट्रैफिक पुलिस एस.एच.ओ.जोगिंद्र के साथ उन्ही के कैंट स्थित कार्यालय में हुई। मीटिंग में ट्रैफिक व्यवस्था बारे कई मुद्दों बारे विचार विमर्श किया गया।चेयरमैन गौरव मिगलानी ने बताया कि टीम समय समय पर दुपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे जागरूक करती रहती है।मिगलानी ने कहा कि तंग बाजारों में लोग अपनी गाड़ियां पार्क कर जाते है और यातायात जाम का कारण बन जाते है। वाहन चालक अपने पूरे कागजात नही रखते थोड़े से पैसे बचाने के लिए इंश्योरेंस नही करवाते,पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नही बनवाते जोकि सरासर ट्रैफिक नियमों के विरुद्ध है। कैप्टन अमरजीत शर्मा ने कहा कि सड़को पर मुनियादी करवाई जाए कि जो गाडियां गलत पार्क हुई है उनको ना करे नही तो उनका चालान होगा। एस.एच.ओ. जोगिंद्र ने टीम के कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर सीनियर वाइस प्रेसिडेंट परशोतम अनेजा, विक्रम चौहान,ज्ञान चंद सहगल, प्रवीन मलिक,रोहित चौहान, प्रदीप गुप्ता,दिनेश,डॉक्टर दिनेश शर्मा,करण कुमार,जसवंत सिंह,गौरव कुमार,कर्म सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित बलदेव नगर का प्रथम गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** चोरी की वारदातों को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने की कार्यवाही अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 26 मई 2023 को थाना सैक्टर–9 अम्बाला शहर के पुलिस दल ने प्रबन्धक थाना सैक्टर–9 अम्बाला शहर निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में अग्रसैन चौक के पास हुई चोरी के मामले में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रथम नरूला निवासी बलदेव नगर अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकयतकर्ता ओजिन्द्र कुमार निवासी नजदीक प्रताप फैक्टरी अशोक विहार अम्बाला शहर ने 26 मई 2023 को थाना सैक्टर–9 अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 मई 2023 को प्रिया शोरूम अग्रसैन चौक अम्बाला शहर के पास से किसी अज्ञात ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

### 514 लोगों ने उठाया निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप का लाभ



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप श्री रामकृष्ण शिव मंदिर, नजदीक मानव चौक शक्तिनगर में लगाया गया। कैम्प में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में बवेजा अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अनुभव बवेजा ने 125 लोगों की आंखों की जांच की जिनमें से 12 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनके लैंस मशीन द्वारा बवेजा अस्पताल द्वारा बिल्कुल फ्री डलवा दिए जाएंगे। कैंप में मेहंदीरत्ता अस्पताल(इंडस नैटवर्क अस्पताल) से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. मोहित गुप्ता ने 56 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा व उन्हें परामर्श दिया। वहीं, सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. आशीष मोदगिल ने 110 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। मूत्र व किडनी रोग विशेषज्ञ डा. हरप्रीत सिंह ने 38 लोगों का स्वास्थ्य जांचा। कैंप की मोबाइल वैन में 149 लोगों ने अपने रक्त की भी जांच करवाई जिन्हें उनकी रिपोर्ट जल्द ही सौंप दी जाएगी। कैंप में खुद पंडित विनोद शर्मा ने अपने बीपी की जांच करवाई। कैंप में 20 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड व 7 लोगों ने अपने परिवार पहचान पत्र भी मौके पर ही बनवाए। वहीं फर्स्ट इन क्लास के तहत 9 बच्चों ने अपनी रजिस्ट्रेशन करवाई। कैंप में भारी संख्या में वार्डवासियों ने कैंप में लिया हिस्सा। वहीं जनता ने पंडित विनोद शर्मा और मेयर शक्ति रानी शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह मानवता का धर्म बखूबी निभा रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह आगे भी ऐसे ही कार्य करते रहेंगे।

# विधानसभा चुनावों में 10 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी भाजपा: गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राम किशन गुर्जर ने आज अंबाला छावनी स्थित एक प्राइवेट रेस्टोरेंट में प्रेसवार्ता कर हरियाणा के हालातों पर रोशनी डालते हुए कहा कि हरियाणा में सरकार जैसी कोई चीज बची ही नही है। राम किशन गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार से कोई भी उम्मीद रखना बेफजूल है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बेटी बचाओ बेटी



पढ़ाओ का सिर्फ नारा देती है जबकि देश की बेटी जो देश के लिए मेडल ला रही है वो आंदोलन करने पर मजबूर हैं।हरियाणा में हर वर्ग का इंसान त्रस्त है। प्रदेश बेरोजगारी, महँगाई से ग्रस्त है। भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, घोटाले, पेपर लीक, ओपीएस आदि ऐसे मुद्दे हैं, जो प्रदेश में हर किसी की जुबान पर हैं। पीडब्ल्यूडी समेत कई महकमों में पर्सेंटेज फिक्स है। तहसील से लेकर आबकारी एवं कराधान, नगर पालिका से लेकर नगर निगम, ग्रामीण विकास से लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हर मकहमे में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बिना रिश्वत लिए-दिए किसी भी व्यक्ति का कोई काम नहीं होता। लगभग 9 साल में प्रदेश में अगर कोई चीज सबसे अधिक बढ़ी है, तो वह भ्रष्टाचार ही है। सरकार की कार्यप्रणाली का अनुमान यहीं से लगाया जा सकता है कि सरकार मंडियों को पूरी तरह से खत्म करना चाहती है। सरसों की खरीद के लिए अम्बाला में मात्र शहजादपुर में ही मंडी बनाई गई है।

# स्नैचिंग के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार, चेन व मोबाइल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
स्नैचिंग/चोरी की वारदातों को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सी.आई.ए.-1 अम्बाला के पुलिस दल ने की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 26 मई 2023 को सी.आई.ए.-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी गौतम व गुरजीत सिहँ निवासी नजदीक सत्संग भवन सैंटर गेट ईस्ट दुर्गानगर अम्बाला शहर को प्राडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर 01 दिन का रिमाण्ड प्राप्त कर आज माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता महिला ने 25 मार्च 2023 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 मार्च 2023 को टी0बी0 अस्पताल अम्बाला शहर के पास से अज्ञात दो नौजवान लड़कों ने उसके हाथ से पर्स छीन लिया जिसमें चांदी की चेन, नकद राशि व मोबाइल था।

# अब 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ उठाएं: डीसी शांतनु



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने सुशासन की दिशा में निरंतर कदम बढ़ाते हुए अब हरियाणा में वाहन और सारथी पोर्टल के माध्यम से आधार आधारित 22 फेसलेस सेवाओं का लाभ आमजन को देने का निर्णय लिया है। लाइसेंस सेवाओं का लाभ उठाने के लिए पोर्टल सारथी.परिवहन.जीओवी.आईएन/सारथी सर्विस का प्रयोग किया जा सकता है। डीसी शांतनु शर्मा ने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत आमजन को ऑनलाइन आवेदन से तय समय पर सुविधाएं दी जाएंगी। इसके तहत आमजन को वाहन पोर्टल पर वाहन पंजीकरण से संबंधित जैसे गिरवी जारी रखना, स्वामित्व का हस्तांतरण, पते में बदलाव, नया परमिट जारी करना, परमिट का नवीनीकरण, किराया खरीद समझौते का पृष्ठांकन, अस्थायी परमिट के लिए आवेदन, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि, मोटर वाहन के अस्थायी पंजीकरण के लिए आवेदन, परमिट की प्रतिलिपि जारी करना, फिटनेस सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि जारी करना, फीस के बदले रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट विवरण देखना, परिवहन सेवाओं के रिकार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट करना जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# पवन छिब्बर बने जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के चुनाव अंबाला छावनी में संपन्न हुए जिसमें पवन छिब्बर को नया अध्यक्ष बनाया गया है इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे कामयाबी के लिए हर संभव प्रयास करेंगे!
अम्बाला जिला ताईक्वांडो एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह गिल के इस्तीफे के बाद अम्बाला छावनी में एसोसिएशन द्वारा चुनाव करवाए गए जिनमें सर्वसम्मति से उद्योगपति पवन छिब्बर को अम्बाला जिला ताईक्वांडो एसोसिएशन का अध्यक्ष चुन लिया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित



जिलाध्यक्ष पवन छिब्बर ने सभी को ये विश्वास दिलाया कि उनकी टीम अम्बाला में ताईक्वांडो के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।
हरियाणा राज्य ताईक्वांडो संघ के चेयरमैन एवं योगा फैडरेशन के अध्यक्ष राजिंद्र विज ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि अम्बाला के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में पदक हासिल करके अपनी प्रतिभा साबित की है। यह सिलसिला और तेजी से आगे बढ़े, इसके लिए अम्बाला में अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

# गलत दिशा में चल रहे क्नेटनर आपस में टकराए

**गन्नौर।** गन्नौर से पानीपत की तरफ गलत दिशा में चल रहे क्नेटनर गढी कलां गांव के पास आपस में टकरा गए। क्नेटनर के टकराने पर ड्राईवर क्नेटनर छोड कर मौके से फरार हो गए। गनीम रही कि किसी तरह का कोई बडा हादसा नही हुआ। जानकारी अनुसार दो क्नेटनर गलत दिशा में गन्नौर से पानीपत की तरफ जा रहे थे। जब वह गढी कलां गांव के पास पहुंचे तो आगे निकलने के चक्कर में दोनो क्नेटनर आपस में टकरा गए। जिस कारण क्नेटनर सड़क किनारे लगी ग्रील को तोड दिया। हादसे के बाद ड्राईवर क्नेटनर को छोड कर मौके से फरार हो गए।

# वेतन की मांग को लेकर सफाई कर्मियों ने की हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** डोर-टू-डोर सफाई कर्मचारी यूनियन ने तीसरे दिन भी शहर के पार्षदों से मिलकर समय पर वेतन के भुगतान की मांग की। जनसम्पर्क अभियान में वार्ड 11 की पार्षद शिम्पी गेरा ने कहा कि इस बारे चेयरपर्सन से बात हुई है। वेतन कर्मचारी का हक है। यह समय पर मिलना चाहिए। वार्ड 12 की पार्षद परविंद्र कोर ने कर्मचारियों के साथ सहानुभूति प्रकट कर हाउस में बात करने की कही। वार्ड 13 के पार्षद कुलदीप सिंह ने कहा कि वह अन्य पार्षदों के साथ इसी विषय पर बात कर रहे है। वार्ड 14 की पार्षद सरोज शर्मा ने कर्मचारियों की बात को सही मानते हुए कहा कि समस्या का जल्द समाधान हो जाएगा। वार्ड



15 के पार्षद जशन ढींगड़ा ने कहा कि वेतन के भुगतान बारे चेयरपर्सन व अन्य पार्षदों से वह लगातार संपर्क में है। ढींगड़ा ने आश्वस्त किया कि चेयरपर्सन से अभी हुई बातचीत मुताबिक आज साँय तक अप्रैल महीने का वेतन मिल जाएगा। भविष्य में भी वेतन की कोई दिक्कत नही होगी। हर महीने की 7 तारीख तक वेतन का भुगतान करने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिए जाएंगे। सीआईटीयू नेता सतीश सेठी व सफाई कर्मचारी नेता मांगे साहिब ने कहा कि यह कर्मचारी पिछले 7 सालों से घर-घर से कूड़ा उठा रहे है। कोरोना में जब शहरवासियों की घरों से बाहर निकलने पर पाबंदी थी। यह कर्मचारी अपनी जान हथेली पर रखकर घर-घर जाकर कूड़ा उठाते थे। सरकार ने इन्हें कोरोना योद्धा तो बताया परंतु नोकरी पक्की नही की। मुख्यमंत्री का प्रदेश से ठेकेदारी प्रथा खत्म करने का दावा जुमलेबाजी साबित हुआ है। यदि ठेका प्रथा खत्म हुई होती तो सफाई कर्मियों को आज वेतन के लाले न पड़ते।
सम्पर्क अभियान में सम्मानित चेयरपर्सन व पार्षदों ने भी कहा कि उन द्वारा समस्या के समाधान के लिए गम्भीरता से प्रयास किए जा रहे है। परंतु जनप्रतिनिधियो के प्रयासों के बाद भी वेतन न मिलने से साफ है कि कंही न कंही कुछ और ही खेला हो रहा है।

# अपराधों की रोकथाम के लिए गोष्ठी बुलाई



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
पुलिस और आमजन के मध्य बेहतर तालमेल बनाने व अपराधों की रोकथाम के लिए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों और प्रबन्धक थाना ने अपने अपने थानाधिकार क्षेत्रों में समन्वय समिति के सदस्यों की गोष्ठी बुलाई और अपराधों की रोकथाम, अपराधियों का पता लगाने, आमजन की समस्याओं के निदान व आमजन/पुलिस के मध्य बेहतर तालमेल बनाने के लिए विचारविर्मश किया गया।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबन्धक थाना व चैकी इन्चार्ज को निर्देश दिए थे कि वह अपराधों की रोकथाम के लिए आमजन से समन्वय स्थापित कर पुलिस और जनता में बेहतर तालमेल बनाते हुए जिस भी क्षेत्र में अपराध अधिक मात्रा में घटित होते हैं ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर सुरक्षा एवम अपराधों की रोकथाम हेतू अपराधियों से सम्बन्धित जानकारी पुलिस और आमजन मिलकर सांझा करें जिससे अपराधों की रोकथाम कर जिला में सुरक्षित माहौल कायम किया जा सके।

**⏩ पुलिस और आमजन मिलकर सांझा करें जिससे अपराधों की रोकथाम कर जिला में सुरक्षित माहौल कायम हो**

उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को पूर्ण सहयोग करने बारे आमजन को प्रेरित करें जिससे अम्बाला जिले में अपराधों की रोकथाम की जा सके। आमजन से सम्बन्धित समस्याओं के निवारण हेतू सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों प्रबन्धक थाना व पुलिस चौकी इन्चार्ज को निर्देश दिए कि वह आमजन की पुलिस से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या का तुरन्त निदान करें जिससे पुलिस और आमजन के बीच मधुर तालमेल स्थापित हो सके और आमजन को समस्या का सामना ना करना पड़ें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने कहा कि अम्बाला पुलिस हर समय आमजन की सेवा, सुरक्षा व सहयोग के सदैव तत्पर है।

# लेन ड्राईविंग नियमों की उल्लघंन करने पर पुलिस ने किए 51 चालान

## अब तक 18330 भारी वाहनों के किए जा चुके चालान

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतू पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की गोष्ठी बुलाई गई थी। गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 51 भारी वाहनों के चालान किए और अब तक बीते 388 दिनों में 18330 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-



2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निदेर्शों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिर्श्चित करने के लिए यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर 51 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# एडवांस टेक्नोलॉजी से लैस है नया संसद

## फेस रिकग्निशन तक, नई संसद में परिंदा भी नहीं मार पाएगा पर, सीसीटीवी कैमरे से लेकर थर्मल इमेजिंग सिस्टम शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। नए भवन का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को आदर और उम्मीद के भाव से देख रही है। इस बीच, हम नए संसद भवन के सुरक्षा बंदोबस्त की बात करेंगे। दरअसल, नए संसद भवन की सुरक्षा को किले में तब्दील करने के लिए सुरक्षा अधिकारियों ने दुनियाभर की संसद में मौजूद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और उसी से प्रेरित होकर नए संसद भवन को अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से लैस किया गया। जिसमें सीसीटीवी कैमरे से लेकर थर्मल इमेजिंग सिस्टम को और भी ज्यादा सुदृढ़ किया गया।



**कितनी मजबूत है सुरक्षा व्यवस्था ?:** 1927 से देश की गाथा का गवाह रहे पुराने संसद भवन के इतिहास में 13 दिसंबर, 2001 की तारीख 'काले अक्षरों' में अंकित है। यह वही दिन था जब आतंकवादियों ने सुरक्षा व्यवस्था को तोड़कर संसद भवन में घुसने की कोशिश की थी और सुरक्षा में तैनात 9 सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी थी। इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुके इसी घटनाक्रम से सीख लेते हुए सुरक्षा को और भी ज्यादा सुदृढ़ करने की व्यवस्था की गई। इसके लिए संसद भवन के सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने कई देशों को दौरा कर बेहतर सुरक्षा प्रणाली की खोज की, जो किसी भी प्रकार के आतंकी और साइबर हमले को नाकाम करने में सक्षम हों। नए संसद भवन की इमारत में अत्याधुनिक हथियारों से लैस

### सुरक्षा चाक चौबंद

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और उसी से प्रेरित होकर नए संसद भवन को अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली से लैस किया गया

सुरक्षाकर्मी, एडवांस टेक्नोलॉजी, अग्निशमन प्रणाली समेत कई पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं, जो पुरानी इमारत की तुलना में कई ज्यादा बेहतर हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी बातें:** नए संसद भवन की इमारत में थर्मल इमेजिंग सिस्टम को इंस्टॉल किया गया है। इसकी मदद से किसी भी घुसपैठियों की आसानी से पहचान की जा सकती है। थर्मल इमेजिंग सिस्टम के साथ ही फेस रिकग्निशन सिस्टम और 360 डिग्री कैमरों को लगाया गया है। जिसकी मदद से सुरक्षाकर्मी चप्पे-चप्पे की निगरानी कर सकेंगे।

## अब सेंट्रल सेक्रेटेरिएट की 10 नई बिल्डिंग बनेंगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादी के** 76 साल बाद देश को नई संसद मिल गई है। ये 64,500 वर्ग मीटर के सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसका बाकी काम 2026 तक पूरा होना है। अब सेंट्रल सेक्रेटेरिएट की 10 नई बिल्डिंग बनेंगी, जिसमें तीन बिल्डिंग बन चुकी हैं, चौथी बिल्डिंग का काम चल रहा है।

**सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में और क्या है:** सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट में 51 मंत्रालय और 10 केंद्रीय सचिवालय सहित उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री आवास भी होंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का सचिवालय भी रहेगा।

**सेंट्रल विस्टा क्या है:** नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक के 3.2 किमी लंबे एरिया को सेंट्रल विस्टा कहते हैं। सेंट्रल विस्टा के पूरे एरिया को नए सिरे से डेवलप करने के प्रोजेक्ट का नाम सेंट्रल विस्टा रि-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है। इसमें मौजूदा कुछ इमारतों में कोई बदलाव



नहीं होगा तो कुछ को किसी और काम में इस्तेमाल किया जाएगा, कुछ को रिनोवेट किया जाएगा तो कुछ को गिराकर उनकी जगह नई इमारतें बनाई जाएंगी।

**इन इमारतों में कोई बदलाव नहीं होगा** सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत जिन इमारतों में कुछ बदलाव नहीं होगा। उनमें राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल, हैदराबाद हाउस, रेल भवन, वायु भवन शामिल हैं। ये बिल्डिंग रि-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं।

**इन इमारतों का इस्तेमाल बदलेगा:** नॉर्थ ब्लॉक जहां अभी वित्त मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज का ऑफिस है। साउथ ब्लॉक जहां अभी पीएमओ, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, कैबिनेट सेक्रेटेरिएट और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिलका ऑफिस है। इन दोनों को नेशनल म्यूजियम में बदला जाएगा। संसद की मौजूदा इमारत को पुरातत्व धरोहर में बदला जाएगा। इसका इस्तेमाल संसदीय कार्यक्रमों में भी किया जाएगा। अभी जहां जामनगर हाउस है वहां, रि-डेवलपमेंट के बाद को शिफ्ट किया जाएगा।

**इन इमारतों को रिनोवेट किया जाएगा:** नेशनल आर्काइव्स, वाणिज्य भवन को रिनोवेट किया जाएगा।

**ये इमारतें नई सिरे से बनेंगी:** इस प्रोजेक्ट में संसद की नई बिल्डिंग बन गई है। अब उप-राष्ट्रपति के नए आवास बनेंगे। नया सेंट्रल सेक्रेटेरिएट बनेगा जिसमें सरकार के सभी मंत्रालय और उनके ऑफिस शिफ्ट होंगे।



नए संसद भवन के उद्घाटन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सांसद मनोज कोटक के साथ।

## न्यूज फ्लैश

### एयरपोर्ट पर कस्टम ने पकड़ा 35 लाख का सोना

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने एक यात्री को डिटेन कर उसके पास से 35 लाख रुपए का गोल्ड बरामद किया। गिरफ्तार यात्री स्पाइस जेट की फ्लाइट से दुबई से जयपुर एयरपोर्ट पर उतरा था। पैसेंजर के बैग में रखी एक टॉर्च से जांच के दौरान लिक्विड फॉम में कस्टम अधिकारियों को 583 ग्राम गोल्ड मिला। जिस पर पैसेंजर को कस्टम अधिकारियों ने गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। कस्टम ऑफिसर ने बताया कि उन्हे गोल्ड तस्करी को लेकर एक टिप मिली थी। जिस के आधार पर टीमें एक्टिव कर दी गई। पैसेंजर की पूरी जानकारी मिलने के बाद पैसेंजर को रोका गया। पहले उससे गोल्ड तस्करी के सम्बंध में पूछताछ की तो उसने मना कर दिया। जिस सीट पर पैसेंजर बैठा था उसे चैक करने के लिए एक टीम को भेजा गया। सीट पर कुछ नहीं मिला जिस पर टीम ने पैसेंजर के बैग में रखी वस्तुओं की जांच करना शुरू किया। चैकिंग के दौरान कस्टम ऑफिरस को बैग में एक टॉर्च मिली। जिस में 583 ग्राम गोल्ड लिक्विड फॉर्म मे मिला। इस पर टीम ने गोल्ड को लेकर पैसेंजर से पूछताछ की तो उसने गोल्ड के बारे में जानकारी होने से मना कर दिया। इस पर टीम के द्वारा उससे गहनता से पूछताछ की गई जिस पर आरोपी ने गोल्ड तस्करी की बात स्वीकार की। इस पर आरोपी को कोर्ट के सामने पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया।

**शेखावटी का रहने वाला था गोल्ड तस्कर:** प्रारम्भिक पूछताछ में आरोपी ने खुद को शेखावटी का होना बताया। आरोपी पूर्व में भी विदेश यात्रा कर चुका हैं। सम्भवतय आरोपी तस्करी के काम से निरंतर विदेश जाता होगा। हालांकि अभी तक आरोपी से यह नहीं पता चला कि वह किस के लिए काम किया करता हैं। इस गोल्ड का वह क्या करता है इसे किस को दिया जाता हैं। यह गोल्ड लाने के लिए उसे कितना पैसा दिया जाता हैं।

### आकांक्षा दुबे के गारमेंट्स में मिले सीमेन

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
वाराणसी में भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे के कपड़े की रिपोर्ट आ गई है। आकांक्षा के अंडर गारमेंट्स में सीमेन मिले हैं। शक के आधार पर अब भोजपुरी गायक समर सिंह समेत 4 आरोपियों का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। सारनाथ पुलिस ने कोर्ट से इसकी अनुमति मांगी है। वरुणा जोन अमित कुमार ने बताया, आकांक्षा दुबे सुसाइड के बाद आकांक्षा का बिसरा, कपड़े, वेजाइनल और एनल स्वैब पैथॉलाजिकल और फोरेंसिक जांच के सैंपल्स लिए गए थे। इसमें से कपड़े की रिपोर्ट आई है। कोर्ट की अनुमति पर जिन चार लोगों की डीएनए जांच होगी उनमें गायक समर सिंह और दोस्त संजय सिंह, अरुण पांडेय और संदीप सिंह हैं। समर और संजय पर आकांक्षा को सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप है। सारनाथ थाने में केस दर्ज है। दोनों इसी आरोप में गिरफ्तार हैं। वहीं संदीप घटना वाली रात आकांक्षा को छोड़ने सारनाथ में होटल गया था। अरुण पांडेय की निजी पार्टी से होकर आकांक्षा मौत वाली रात लौटी थी। आकांक्षा दुबे के वकील शशांक शेखर ने बताया, हम लोगों ने कोर्ट में रेप के बाद हत्या की आशंका जताई थी। अब कपड़ों की रिपोर्ट आने के बाद शक गहरा गया है। आकांक्षा के रूम में चार लोग मौजूद थे।

**26 मार्च को होटल में मिला था आकांक्षा का शव:** सारनाथ में 26 मार्च को भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव होटल के कमरे में लटकता मिला था। पुलिस ने मामले को आत्महत्या बताया।

## रेत माफिया ने कलेक्टर को कुचलने की कोशिश की



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
महाराष्ट्र के बीड जिले की कलेक्टर दीपा मुधोल मुंडे की कार को रेत माफिया ने टक्कर मारने की कोशिश की। घटना गुरुवार की है, जिसमें उनका बॉडीगार्ड घायल हुआ है, जिसे हॉस्पिटल ले जाया गया। बाद में बॉडीगार्ड की शिकायत पर गेवराई तालुका पुलिस ने हत्या करने के प्रयास में डम्पर के ड्राइवर पर मामला दर्ज कर, उसे अरेस्ट कर लिया है। दरअसल दीपा मुधोल औरंगाबाद से बीड आ रही थीं। रात 3.15 बजे उन्होंने गेवराई तालुका के पास बिना नंबर के डम्पर को रेत ले जाते हुए देखा। उन्होंने डम्पर का पीछा करने कहा। जब बॉडीगार्ड ने डम्पर ड्राइवर को रुकने का इशारा किया तो उसने कलेक्टर की गाड़ी के आगे रेत पलटा दी। इससे उनकी गाड़ी फंस गई।

**कलेक्टर ने फिल्मी स्टाइल में किया पीछा:** कलेक्टर ने अपने ड्राइवर से डम्पर का पीछा करने कहा। करीब एक किमी के बाद डम्पर के ड्राइवर ने अचानक रेत को सड़क पर गिरा दिया, जिससे दीपा की कार उसमें फंस गई। कलेक्टर के अंगरक्षक अंबादास पावने डम्पर की तरफ दौड़े और उस पर चढ़ गए। लेकिन ड्राइवर ने गार्ड को धमकाया और गाड़ी चलाता रहा। करीब तीन किमी के बाद उसने डंपर रोका और भाग गया। इसके बाद दीपा ने बीड पुलिस को खबर की, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते लोकल क्राइम ब्रांच की मदद से डम्पर के ड्राइवर प्रकाश कोकरे को अरेस्ट कर लिया।

**जब से आईं तब से निशाने पर रेत माफिया:** दीपा मुधोल 2011 के बैच की आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे उस्मानाबाद में कलेक्टर रह चुकीं है। वे सिडको औरंगाबाद के प्रशासक पद पर भी रहीं। बीड में पहली बार महिला कलेक्टर के रूप में फरवरी

## प्रयागराज में मिला पोलियो का म्यूटेंट-6 वायरस

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**प्रयागराज के** गऊघाट में नाले के पानी में पोलियो का म्यूटेंट-6 वायरस मिला है। डब्ल्यूएचओ और स्वास्थ्य विभाग ने पानी की रैंडम सैंपलिंग कराई थी। इसमें इस बात की पुष्टि हुई है। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भी भेजी गई है। हालांकि, एक्सपर्ट बताते हैं कि म्यूटेंट-10 तक ज्यादा खतरा नहीं माना जाता, यह म्यूटेंट-6 है। "पोलियो का यह वायरस व्यक्ति के मुंह के रास्ते शरीर में प्रवेश करते हैं। मल द्वार से बाहर निकल जाते हैं।

## सेप्टिक टैंक में उतरे पिता-पुत्र समेत 4 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/कुशीनगर**
**कुशीनगर** के नेबुआ नौरंगीया थानाक्षेत्र के रामनगर गांव में रविवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे पिता-पुत्र समेत 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर है। हादसा तब हुआ, जब सेप्टिक टैंक में करंट दौड़ने लगा। इसकी चपेट में आकर पिता-पुत्र टैंक में गिर गए। दोनों का रेस्क्यू करने उतरे अन्य तीन लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए। अन्य तीन टैंक में ही बेसुध होकर गिर पड़े। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को बाहर निकलवाया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय दो और लोगों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**मौत का सेप्टिक टैंक:** जानकारी के मुताबिक रामनगर गांव के खपरधिक्का टोला में घर के सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए नन्दकुमार उर्फ नन्दू (45) उतरा हुआ था। तभी उसे कहीं से करंट लगा, तो नन्दकुमार फिसल कर टैंक में गिर गया। पिता को गिरते देख 25 वर्षीय पुत्र नितेश टैंक में उतर गया। लेकिन वह भी बाहर नहीं निकल सका। परिवार के अन्य लोगो के शोर मचाने पर मौके पर लोग पहुंच गए। पट्टीदारी से तीन लोग एक-एक कर टैंक में उतरे। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक तीनों टैंक में बनी जहरीली गैस की चपेट में आ गए। गैस की चपेट में आने से तीनों का दम घुटने लगा और वे टैंक में अचेत हो गए।

## बीएसएफ ने मार गिराया पाकिस्तानी ड्रोन

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने पाकिस्तानी तस्करों की दो कोशिशों को नाकामयाब कर दिया है। बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर सेक्टर में दो लोकेशनों से पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन के माध्यम से भेजी गई हेरोइन की खेप जब्त की हैं। वहीं दूसरी तरफ एक ड्रोन को गिराने व एक भारतीय तस्कर को पकड़ने में भी सफलता हासिल की है। बीएसएफ के मुताबिक रात को अटारी बॉर्डर के बिल्कुल पास



पुल मोरां में बटालियन 22 के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान दौरान तकरीबन 9.35 बजे ड्रोन के आने की आवाज सुनाई दी। जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। चंद मिनटों में ही ड्रोन की आवाज बंद हो गई। जवानों ने समय व्यर्थ ना करते हुए एरिया को सील कर सर्च शुरू कर दी। खेतों में एक मैट्रिस 300 ड्रोन को जब्त कर लिया गया। लेकिन उसके साथ कोई भी हेरोइन की खेप नहीं बंधी हुई थी। जवानों ने आसपास के एरिया में रात के समय ही सर्च शुरू कर दी। बीएसएफ अधिकारियों ने जानकारी दी कि उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी। जवानों ने उसका पीछा कर उसे तुरंत पकड़ लिया।

**टेंशन में रेलवे...** ट्रेन से फेंके जा रहे वेस्ट ने बढ़ाई परेशानी; ट्रैक की होगी विशेष निगरानी

## राजस्थान में वंदे भारत की स्पीड कम कर रहा कचरा

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**रेलवे देशभर में** ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के आसपास फेंसिंग करवा रहा है। कुछ सेक्शनों में ट्रैक के दोनों तरफ दीवारें बनाने की बात कर रहा है। हाल ही सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत के संचालन के बाद ये कवायद और भी तेज हो गई है। इन सभी योजनाओं को धरातल पर आने में अभी समय लगेगा। करीब 45 दिन पहले राजस्थान में शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन से अब तक दिल्ली से अजमेर वाया जयपुर के बीच करीब 4-5 कैटल रन ओवर (जानवर कटने) की घटनाएं हो चुकी हैं। उधर प्रशासन ने इसे रोकने के लिए



आरपीएफ और इंजीनियरिंग विभाग से ट्रैक पर विशेष निगरानी रखने के भी आदेश दिए हैं। इन ट्रेनों के पेंट्रीकार (रसोईयान) में से ट्रैक पर ही कचरा फेंका जा रहा है।

**हम ट्रैक पर निगरानी कर रहे और ये कचरा फेंक रहे:** रेलवे ने इंजीनियरिंग विभाग को निर्देश दिए हैं कि वंदे भारत ट्रेन के समय ट्रैक पर विशेष निगरानी करें। ऐसे में ट्रैकमैन को ट्रेन के समय पेट्रोलिंग बढ़ाने को कहा है। लेकिन वो लगातार प्रशासन से ट्रेनों के पेंट्रीकार द्वारा कचरा फेंकने की शिकायत कर रहे हैं। उनके द्वारा हाल ही में जयपुर-दिल्ली रूट पर फोटो भेजकर शिकायत की गई है कि पेंट्रीकार के स्टाफ द्वारा जटवाड़ा-झर सेक्शन के बीच में यह कचरा फेंका गया है। जहां एक ओर हम वंदे भारत ट्रेनें से कैटल रन ओवर (सीआरओ) की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, लापरवाह स्टाफ (पेंट्रीकार/हाउसकीपिंग) द्वारा ट्रैक पर कचरा डालकर आवारा जानवरों को ट्रैक पर आने का निमंत्रण दिया जा रहा है।

